डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित भोपाल, दि. 01 से 16 जनवरी 2022 वर्ष-8 अंक 01 मूल्य ₹ 00

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग की समीक्षा

युवाओं को प्रशिक्षण देकर प्लेसमेंट और रोज़गार से जोड़ें - मुख्यमंत्री

भोपाल, युवाओं को प्रशिक्षण देकर अधिकाधिक प्लेसमेंट और रोज़गार से जोड़ने की कोशिश की जाये। हर माह होने वाले प्लेसमेंट की जानकारी का प्रचार-प्रसार कर लोगों तक पहुंचायें। ऑक्सीजन प्लांट, कंसन्ट्रेटर आदि की मरम्मत को ध्यान में रखते हुए युवाओं को प्रशिक्षण दें। शासकीय संस्थाओं में मशीन, औजार और उपकरणों की मरम्मत के लिए प्रशिक्षण देकर रोज़गार प्रदान करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हर विकासखंड में एक आईटीआई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आईटीआई भवनों का गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो। आज की आवश्यकता को देखते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ रहे। किसी भी हालत में घटिया निर्माण बर्दाशत नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई और उद्योग विभाग मानव संसाधन का विकास करें।

आवश्यकता के अनुरूप हों प्रशिक्षण कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की आवश्यकताओं के अनुरूप ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किये जायें। उन्होंने कहा कि नये आईटीआई भवनों में उपकरणों की व्यवस्था कर वर्कशॉप चालू करें। ग्लोबल स्किल पार्क का तेजी से कार्य करें। आईटीआई की उपयोगिता बहुत अधिक है। इसलिए अधिक से अधिक आईटीआई खुलें। उन्होंने कहा कि अभी प्रति माह युवाओं को प्लेसमेंट दे रहे हैं, इसे और बढ़ाया जाये। आईटीआई को बेहतर उपयोगी बनाकर मॉडल के रूप में विकसित कर दिखायें। लोगों को जॉब देने का सबसे प्रभावी तरीका आईटीआई ही है। इस पर फोकस करें।

स्वास्थ्य केंद्र पर जांचों की सूची लगायें

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र और उपस्वास्थ्य केंद्र को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में उन्नयन कर उपलब्ध कराई गई जांचों की सुविधा और मिलने वाली निःशुल्क दवाओं की सूची को प्रदर्शित किया जाये। आम नागरिकों को जानकारी होना चाहिये कि उन्हें अपने समीप के स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क जांचें और दवाएं उपलब्ध हैं। इसके लिये उन्हें किसी प्रायवेट अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं है।

सिंचाई क्षेत्र बढ़ाने के लक्ष्य पर तेजी से हो कार्य

मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग की समीक्षा करते हुये कहा कि मध्यप्रदेश में सिंचाई क्षमता के विस्तार के लिए कार्यों को तेजी से सम्पन्न किया जाए। वर्तमान सिंचाई क्षेत्र 36 लाख हेक्टेयर के विस्तार के लिए तेजी से कार्य हों। लक्ष्य है कि प्रदेश में यह सिंचाई क्षेत्र 53 लाख हेक्टेयर तक पहुंच जाए। इसके लिए प्रति माह सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा विभाग स्तर पर की जाए। प्रदेश में निर्मित सिंचाई क्षमता का किसानों के हित में पूरा उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

उपयोगी पाठ्यक्रम शुरू करायें

मुख्यमंत्री ने कहा कि नए उपयोगी पाठ्यक्रम शुरू करने की कार्यवाही सुनिश्चित हो। प्रदेश के किसी एक इंजीनियरिंग कॉलेज में मातृभाषा में पढ़ाई शुरू कराई जाये। ऑनलाइन कोर्सेस भी शुरू कराये जायें।

श्री चौहान ने शॉर्ट और लॉन्ग टर्म प्लानिंग करने के निर्देश दिए। अमले और उपकरण की व्यवस्था करने तथा पुराने आईटीआई बेहतर ढंग से चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पॉलीटेक्निक महाविद्यालयों को बहुउपयोगी बनायें। ग्लोबल स्किल पार्क और 10 संभागीय आईटीआई को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनायें।

बजट 2022-23

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आमंत्रित किये सुझाव

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बजट केवल आय-व्यय का ब्यौरा नहीं है। जन-आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम है। समृद्ध और विकसित मध्यप्रदेश का निर्माण बजट के माध्यम से ही होता है। आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का निर्माण और जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति हमारे बजट का उद्देश्य है। सरकार इस दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। विशेषज्ञों से भी हम चर्चा कर रहे हैं। लेकिन मैं यह मानता हूं कि जनता से बड़ा विशेषज्ञ कोई नहीं है। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश के बजट को लेकर संदेश जारी कर कहा है कि मैं सभी प्रदेशवासियों से अपील करता हूं कि वर्ष 2022-23 का हमारा बजट ऐसा हो जो समृद्ध और विकसित मध्यप्रदेश का निर्माण कर सके। उसके संबंध में अगर आपके मन में कोई सुझाव या विचार हो तो वह जरूर जनवरी के अंत तक MPMyGov पर भेजें। आपके हर एक सुझाव का हम अध्ययन करेंगे और सुझाव स्वीकार किए जा सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने किया शासकीय डायरी-कैलेण्डर का विमोचन

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास पर शासकीय डिजिटल डायरी और कैलेण्डर 2022 का वर्चुअली विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने नोटबुक का लोकार्पण भी किया। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री मनीष रस्तोगी, प्रमुख सचिव जनसंपर्क श्री राघवेन्द्र सिंह और नियंत्रक शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री श्री श्रीमन शुक्ला उपस्थित थे।

वैक्सीन के 150 करोड़ डोज

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने देश को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये वैक्सीन के 150 करोड़ डोज पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया और देशवासियों को बधाई दी है। श्री चौहान ने ट्वीट कर कहा है कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में कोविड-19 के विरुद्ध वैक्सीनेशन का अभियान जारी है। उनके कुशल मार्गदर्शन में भारत ने सबसे बड़ा अभियान चलाकर 150 करोड़ कोविड टीकों का कीर्तिमान स्थापित कर नागरिकों के जीवन के सुरक्षा चक्र को तेजी से बढ़ाया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर देश के सभी हेल्थ वर्कर, नर्स, फ्रंटलाइन वर्कर और वैक्सीनेशन कार्य से जुड़े सभी को धन्यवाद और प्रधानमंत्री जी का अभिनंदन एवं देश को बधाई।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा

अनुसूचित वर्ग को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलाएं

भोपाल, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिये चलाई जा रही सभी योजनाओं का संवेदनशीलता से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाये। इसके लिए व्यवस्था में आवश्यक परिवर्तन करने की जरूरत हो तो उसे भी तत्काल अमल में लाएं। राज्य शासन की प्राथमिकता अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति वर्ग के आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक विकास की है। इसलिये जरूरी है कि राज्य सरकार द्वारा इन वर्गों के लिये क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ हर हाल में उन तक पहुंचे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित वर्गों के लिये शासन द्वारा संचालित छात्रावासों की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की जरूरत है। इस सिलसिले में अधिकारियों को तत्काल कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि छात्रावासों को ठीक किया जाये और मरम्मत के लिये राशि दी जाये। श्री चौहान ने संबंधित अधिकारियों से पूछा कि उन्होंने कितनी बार हॉस्टलों का दौरा किया। उन्होंने निर्देश दिये कि विभाग के प्रमुख सचिव तथा आयुक्त भी दौरे करें और छात्रावासों की सभी व्यवस्थाएं पुख्ता बनायें। पेयजल सहित सभी इंतजाम पुख्ता होने चाहिये और अधीक्षकों को अपने काम के प्रति समर्पित होना चाहिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिस्टम को पारदर्शी रखना जरूरी है। संबंधित अधिकारी लोगों से संवाद करें और प्रतिबद्ध लोगों को जोड़ें। मुख्यमंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि 6 माह में व्यवस्थाएं दुरुस्त की जायें। उन्होंने रिक्त पदों के बारे में भी अधिकारियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि अनुसूचित वर्गों के लोगों को जरूरी तौर पर काम दिया जाए। उनका आर्थिक सशक्तिकरण किया जाए। साथ ही हितग्राहीमुलक योजनाओं से अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को जोड़ा जाये। श्री चौहान ने वनाधिकार पट्टा दिये जाने के भी निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति क्षेत्र में स्कूलों में प्राचार्यों की नियुक्ति के लिये तत्काल अपेक्षित कदम उठाये जायें। उन्होंने कहा कि अनुसूचित-जाति और जनजाति के निगमों को पुनर्जीवित करने की पहल की जायेगी। श्री चौहान ने कहा कि इस वर्ग के सामाजिक सशक्तिकरण के प्रति एक नये एप्रोच की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित वर्गों से जुड़े अत्याचार के मामलों पर कार्यवाही में विलम्ब नहीं होना चाहिये। मुख्यमंत्री ने अनुसूचित वर्गों के कौशल उन्नयन तथा छात्रावासों और छात्रवृत्ति के संबंध में भी समीक्षा की।

वित्त विभाग की समीक्षा

रोज़गार के अवसर बढ़ाने औद्योगिक क्षेत्र को प्रोत्साहित करना आवश्यक

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वित्त विभाग की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, शासकीय परियोजनाओं के लिए अधिक संसाधन जुटाने के उद्देश्य से राजस्व संग्रहण को बढ़ाना आवश्यक है। इसके लिए सभी दिशाओं में नवाचार को गति दी जाए। राज्य की जीडीपी में वृद्धि के लिए उठाए जाने वाले आवश्यक उपायों को चिन्हित करने के लिए उपाध्यक्ष नीति आयोग प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स गठित की जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वित्त विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने राज्य शासन की बैंक वित्त पोषित योजनाओं के लिए समेकित पोर्टल का लोकार्पण भी किया। पोर्टल पर ई-केवायसी, हितग्राही प्रोफाइल, आवेदन के स्टेट्स की ट्रैकिंग, आवेदक को मोबाइल और ई-मेल के माध्यम से सूचना देने की सुविधा उपलब्ध होगी। इससे दस्तावेजों को बार-बार अपलोड करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और योजनाओं में दोहराव से भी बचा जा सकेगा।

श्री चौहान ने कहा कि आगामी वर्ष के बजट के लिए प्रदेशवासियों से भी सुझाव आमंत्रित किए जाएं। इसके लिए विषय-विशेषज्ञों, औद्योगिक, व्यापारिक, कृषि संगठनों के साथ बैठक भी आयोजित की जा सकती है। बैठक में देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में प्रदेश के योगदान पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोज़गार के अवसर बढ़ाने के लिए सर्विस सेक्टर सहित औद्योगिक एवं विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। बैठक में कोपालयों के डिजिटलाइजेशन को अगले स्तर पर ले जाने के अद्यतनीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी दी गई।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

1 जनवरी

चीन के साथ मुकाबला करने के लिये सेना को पुनर्गठित किया गया – रक्षा मंत्रालय

● रक्षा मंत्रालय वर्ष के अंत में अपनी समीक्षा में कहा कि पूर्वी लद्दाख सीमा पर चीन के साथ तनाव घटाने के लिये दोनों देशों की सेनाओं के बीच कई दौर की वार्ता हुई है। इन वार्ताओं में भारत ने सेनाओं को पूरी तरह पीछे हटाने और पूर्व स्थिति बहाल करने के लिये अपने रुख से कोई समझौता नहीं किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चीनी सेना से मुकाबले के लिये भारतीय सेना को पुनर्गठित किया गया है। मंत्रालय ने तीनों सेनाओं थल सेना, वायु सेना और नौसेना में सुधार लाने के महत्वाकांक्षी कदमों का उल्लेख करते हुये बताया कि सेना के एक अंग के दृष्टिकोण से आगे बढ़कर एकीकृत योजना और क्रियान्वयन की दिशा में ठोस प्रयास किये गये हैं।

● ताइवान और निकारागुआ के संबंध तनावपूर्ण हो गये हैं। चीन के इशारे पर निकारागुआ ने ताइवान दूतावास पर कब्जा कर लिया है। निकारागुआ के इस कदम पर ताइवान भड़क गया है। ताइवान ने कहा कि वह निकारागुआ के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगा। निकारागुआ के तानाशाही रवैये की निंदा करते हुये ताइवान के विदेश मंत्रालय ने इसे गैरकानूनी बताया और मांग की कि उसकी सम्पत्ति जल्द वापस की जाये। ताइवान ने कहा कि वह अपनी सम्पत्ति की रक्षा के लिये अंतर्राष्ट्रीय कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेगा और सुनिश्चित करेगा कि इस गैरकानूनी कार्य के लिये निकारागुआ को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदार ठहराया जाये। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर 2021 में निकारागुआ ने ताइवान से अपने राजनयिक संबंध खत्म करने का ऐलान किया था।

2 जनवरी

नये ई-फाइलिंग पोर्टल पर 5.89 करोड़ आयकर रिटर्न हुये दाखिल

● आयकर विभाग के नये ई-फाइलिंग पोर्टल पर 31 दिसम्बर, 2021 तक लगभग 5.89

करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल किये गये। आयकर विभाग ने बताया कि आयकर रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2021 थी। इस दिन 46.11 लाख से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किये गये। विभाग ने बताया कि 31 दिसम्बर तक दाखिल किये गये कुल 5.89 करोड़ रिटर्न में से 49.6 प्रतिशत आईटीआर-1, 9.3 प्रतिशत आईटीआर-2, 12.1 प्रतिशत आईटीआर-3, 27.2 प्रतिशत आईटीआर-4 और 1.3 प्रतिशत आईटीआर-5 शामिल हैं। इनके अलावा 2.58 लाख लोगों ने आईटीआर-6 और 67 हजार लोगों ने आईटीआर-7 दाखिल किया है। आयकर विभाग ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में 5.95 करोड़ लोगों ने आयकर रिटर्न जमा किये थे।

● विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख ट्रेडोस अढानम ग्रेब्रिएसस ने कोरोना महामारी के खात्मे के लिये विश्व के सभी देशों का आह्वान किया है। ट्रेडोस ने विश्व में तेजी से फैल रहे ओमिक्रॉन वैरिएंट के संकट के बीच कहा कि वर्ष 2022 कोरोना महामारी का आखिरी साल हो सकता है। बशर्ते सभी देश इसके प्रसार को रोकने के लिये मिलकर प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कोई भी देश इस वैश्विक महामारी से बाहर नहीं है। कोरोना महामारी आज भी हमारे लिये चुनौती बनी हुई है।

3 जनवरी

सरकार ने 6जी तकनीक के विकास के लिये गठित की टास्क फोर्स

● भारत सरकार के दूरसंचार मंत्रालय ने टेलीकम्युनिकेशन के क्षेत्र में 6जी तकनीक के विकास के लिये प्रौद्योगिकी नवाचार समूहों के रूप में छह शिक्षाविदों के टास्क फोर्स का गठन किया है। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रोफेसर अभय करंदीकर, आईआईटी चेन्नई के निदेशक भास्कर राममूर्ति, आईआईएससी बेंगलुरु के निदेशक भारद्वाज अम्बुतुर, आईआईटी हैदराबाद के निदेशक किरन कुमार कुची टास्क फोर्स के सदस्य होंगे। टास्क फोर्स में डिजिटल कम्युनिकेशन के सदस्य अशोक कुमार तिवारी और टेलीकम्युनिकेशन स्टैंडर्ड डेवलपमेंट सोसाइटी के चेरयमैन एन.जी. सुब्रमण्यम भी सदस्य बनाये गये हैं। यह टस्क फोर्स नेक्स्ट जनरेशन नेटवर्क के लिये प्लेटफॉर्म, स्पेक्ट्रम पॉलिसी, मल्टी डिसप्लिनरी इनोवेटिव सॉल्यूशन और उपकरणों के विकास का कार्य करेगी।

● नीट पीजी काउंसलिंग में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के निर्धारण के लिये वार्षिक आय सीमा आठ लाख रुपये वर्ष 2022 में भी बरकरार रहेगी। यह जानकारी केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किये गये हलफनामे में दी है। सरकार ने हलफनामे में कहा कि तीन सदस्यीय समिति की सिफारिशों के अनुसार आठ लाख या इससे कम वार्षिक आय वाले परिवार को ही ईडब्ल्यूएस कोटे का लाभ मिल सकता है। केंद्र सरकार ने समिति की सिफारिशें स्वीकार की है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने ईडब्ल्यूएस के लिये 10 प्रतिशत आरक्षण देने के मामलों में दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुये नीट पीजी की काउंसलिंग पर रोक लगा दी थी।

4 जनवरी

आरबीआई ने ऑफलाइन डिजिटल भुगतान की लिमिट की तय

● भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने गांवों और कस्बों में डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने के लिये ऑफलाइन डिजिटल भुगतान की लिमिट तय कर दी है। आरबीआई ने कहा कि ऑफलाइन डिजिटल लेन-देन के तहत 200 रुपये तक का भुगतान ऑफलाइन होगा। इसकी कुल सीमा 2000 रुपये होगी। आरबीआई ने कहा कि ऐसे भुगतान सिर्फ आमने-सामने होंगे। इसका मतलब है कि भुगतान करने वाले और भुगतान लेने वाले की मौजूदगी में ही ऐसे लेन-देन किये जा सकेंगे। ऑफलाइन डिजिटल भुगतान के लिये इंटरनेट या टेलीकॉम कनेक्टिविटी की जरूरत नहीं होगी। इस तरह के भुगतान में लेन-देन डिजिटल होगा, ऐसे में ग्राहकों को एसएमएस या ई-मेल के जरिये अलर्ट कुछ समय बाद मिलेगा। आरबीआई ने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों में सितम्बर 2020 से जुलाई 2021 के दौरान पायलट आधार पर डिजिटल लेन-देन शुरू किया गया था। इसी पर मिली प्रतिक्रिया के आधार पर यह रूपरेखा तैयार की गई है।

● बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने कहा कि कोविड-19 के इलाज से जुड़े खर्चों को कवर करने वाली स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी कोरोना महामारी के ओमिक्रॉन वैरिएंट के संक्रमण के इलाज को भी कवर करेंगी। इरडा ने कहा कि देश में तेजी से बढ़ रहे ओमिक्रॉन के संक्रमण के मामलों को देखते हुये सामान्य एवं स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को निर्देश जारी किया गया है कि अपने सभी नेटवर्क प्रदाताओं और अस्पतालों के साथ सामंजस्य की एक असरदार व्यवस्था बनायें। साथ ही अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति में पॉलिसीधारक के लिये कैशलेस (नकदीरहित) भुगतान सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि इरडा ने अप्रैल 2020 में कोरोना की पहली लहर के दौरान स्वास्थ्य बीमा करने वाली कंपनियों को कोविड-19 के इलाज से जुड़े खर्च को बीमा पॉलिसी में शामिल करने को कहा था।

5 जनवरी

स्वदेशी किट ओमिश्योर को आईसीएमआर ने दी मंजूरी

● भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कोरोना महामारी के नये वैरिएंट ओमिक्रॉन के संक्रमण की जांच के लिये निर्मित स्वदेशी किट ओमिश्योर को मंजूरी प्रदान की है। इस किट को मुंबई स्थित टाटा मेडिकल एंड डायग्नोस्टिक लिमिटेड ने तैयार की है। ओमिश्योर टेस्ट किट कोरोना जांच की अन्य आरटीपीसीआर किट की ही तरह काम करेगा, जांच के लिये नाक और मुंह से स्वाब लिया जायेगा। इस किट से 10 से 15 मिनट में जांच रिपोर्ट मिल जायेगी। अभी देश में ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमण की जांच के लिये अमेरिकी कंपनी थर्मो फिशर की मल्टिप्लेक्स किट का इस्तेमाल हो रहा है। यह किट एस जीन टार्गेट फेल्योर (एसजीटीएफ) रणनीति के तहत काम करती है।

● भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के ग्राहकों को डिजिटल तरीके से तत्काल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) के जरिये पांच लाख रुपये भेजने के लिये कोई शुल्क नहीं देना होगा। एसबीआई ने इस संबंध में बताया कि ग्राहकों को बैंक के डिजिटल तौर-तरीकों को अपनाने के लिये प्रोत्साहित करने के लिये आईएमपीएस के जरिये पांच लाख रुपये तक के लेन-देन पर कोई शुल्क नहीं देना होगा। पहले यह सीमा दो लाख रुपये थी। यह लेन-देन योनो एप, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के जरिये किया जा सकता है। यह सुविधा एक फरवरी, 2022 से शुरू होगी।

आप भी प्रशासनिक अधिकारी बन सकते हैं।
JADON'S IAS
MOCK INTERVIEW
FOR MPPSC 2019
Regular Classes & Mock
Online & Offline
प्रदेश के सर्वाधिक अनुभवी प्रशिक्षक
आनंद जादौन सर एवं
दिल्ली व महाविद्यालय के
विषय विशेषज्ञों तथा
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों
से युक्तपैनल द्वारा
PSC 2018 में संस्थान के मॉक साक्षात्कार से
अभ्यर्थियों को मिले सर्वाधिक प्रश्न एवं प्राप्त किये सर्वाधिक अंक
MPPSC PRE - 2021 हेतु टारगेट बैच &
टेस्ट सीरीज (उत्तर व्याख्या सहित)
HO : Jhavar Estate Thatipur Gwalior
BO: Bholaram Square, Bhawarkua Indore
0731- 4021218, 9425121218
R-46448/2022

6 जनवरी

डीसीजीआई ने भारत बायोटेक के बूस्टर डोज के ट्रायल को दी मंजूरी

● भारत में औषधि नियामक इग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने भारत बायोटेक कंपनी की दी जाने वाली वैक्सीन (नेजल वैक्सीन) को बूस्टर डोज के तौर पर मंजूरी प्रदान की है। डीसीजीआई ने कहा कि सब्जेक्ट एक्सपर्ट कमेटी ने भारत बायोटेक को इसके इंट्रानेसल कोरोनारोधी वैक्सीन के लिये फेज-3 स्टडी और बूस्टर डोज की फेस-3 स्टडी के लिये सैद्धांतिक रूप से अनुमति दी है। भारत बायोटेक का लक्ष्य लगभग 5 हजार लोगों पर क्लिनिकल ट्रायल करना है। इनमें से 50 प्रतिशत कोवैक्सीन तथा 50 प्रतिशत कोविशील्ड लगवाने वाले लोग शामिल है। भारत बायोटेक ने कहा कि वैक्सीन की दूसरी और तीसरी डोज के बीच कम से कम छह महीने का अंतर होना चाहिये।

● उत्तर कोरिया ने विश्व जगत को हैरान करते हुये अपनी सुपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने इस परीक्षण की जानकारी देते हुये बताया कि मिसाइल अकादमी ऑफ डिफेंस साइंस द्वारा सुपरसोनिक मिसाइल को लॉन्च किया गया। इस मिसाइल ने 700 किलोमीटर दूर जापान सागर में अपने टारगेट पर सटीक निशाना लगाया।

7 जनवरी

सरकार जल्द जारी करेगी ई-पासपोर्ट

● केंद्र सरकार के विदेश मंत्रालय सचिव संजय भट्टाचार्य ने बताया कि नागरिकों के लिये नेक्स्ट जेनरेशन ई-पासपोर्ट जारी किये जायेंगे। ई-पासपोर्ट में धारक का बायोमेट्रिक डाटा स्टोर होगा। विदेश सचिव ने बताया कि ई-पासपोर्ट के चलते विश्वभर में भारतीय यात्रियों का इमिग्रेशन सुगम होगा। इस पासपोर्ट की विशेषता है कि इनमें आवेदकों के व्यक्तिगत जानकारी पर डिजिटल तौर पर हस्ताक्षर किये जायेंगे और चिप में स्टोर किये जायेंगे। यदि कोई व्यक्ति चिप से छेड़छाड़ करता है तो सिस्टम उसका पता लगा लेगी और ई-पासपोर्ट का वेरिफिकेशन विफल हो जायेगा।

● भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तरप्रदेश सहित देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले प्रत्याशियों के चुनाव खर्च की सीमा में वृद्धि की है। चुनाव आयोग के अनुसार लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों के लिये चुनावी खर्च की सीमा 70 लाख रुपये से बढ़ाकर 95 लाख रुपये कर दी गई है। वहीं विधानसभा चुनाव में खर्च की सीमा 28 लाख रुपये से बढ़ाकर 40 लाख रुपये होगी। खर्च की नयी सीमा आगामी चुनावों में लागू होगी।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

REQUIREMENTS FOR B.E.d
● Principal ● Professors
● Associate Professors ● Assistant Professors
● Librarion ● Sports Incharge, For
Hindi, English, Botany, Chemistry, Physical Science, Art & Caraft, Economics, History, Geography, Sociology, Computer / IT, Mathematics, Accounts, Psychology
Qualification : As per UGC / NCTE / DAVV Norms.
Salary : As per Norms
Interested Candidates May Send Their Updated CV Along With Photocopy Of All Testimonials At Institutes Address Within 7 Days Or Mail.
Shiva College Of Education Indore M.P.
COLLEGE COMPUS : Village & Post Dudhia, Indore M.P.
CITY OFFICE : H-54, Nalanda Parisar, Behind Chanakya Complex, In Front Of The Chameli Devi School, Kesar Bagh Road, Indore M.P. Email :- collegeshiva84@gmail.com
CONTACTED NO > 930320-7945, 99075-07945, 90749-47087, 0731-3507017
R-46434/2022

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	17.76	24.86
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई	-	25 सेंटीमीटर
लंबाई	-	37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर	-	925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें:
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेंमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 02 10.01.2022 से 16.01.2022
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार वनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

पुलिस के कार्यों के प्रति

संतुष्टि ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता - मुख्यमंत्री

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में कानून व्यवस्था सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। पुलिस के कार्यों के प्रति जनता की संतुष्टि ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश में बच्चों और महिलाओं के प्रति अपराध, सायबर अपराध, ड्रग्स के प्रकरण और नक्सल समस्या के समाधान के लिये प्रभावी कार्य योजना बनाना आवश्यक है। कानून व्यवस्था की स्थिति के आधार पर जिलों की रैंकिंग सुनिश्चित की जाये। इससे जिलों में प्रतिस्पर्धी भाव विकसित होगा। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने गृह एवं जेल विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएसपी, एसडीओपी तथा पुलिस अधीक्षक और इससे उच्च स्तर के अधिकारियों को क्षेत्र में दौरे बढ़ाने की आवश्यकता है। अधिकारियों के दौरों से कानून व्यवस्था की स्थिति में सकारात्मक सुधार आने के साथ जनता में पुलिस व्यवस्था के प्रति विश्वास भी बढ़ता है। पुलिस मुख्यालय में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों के अनुभव का उपयोग भी क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में किया जाना चाहिये। अधिकारियों के दौरों का व्यवस्थित रिकॉर्ड राज्य स्तर पर रखा जाना चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैदानी अधिकारियों का आपराधिक कानूनों से संबंधित निरंतर प्रशिक्षण आवश्यक है। अपराधों की गुत्थियां सुलझाने में फॉरेंसिक साइंस की महत्वपूर्ण भूमिका है। अतः प्रदेश में फॉरेंसिक साइंस में सक्षम संस्थान और अद्यतन अनुसंधान प्रणालियां विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिसकर्मियों को अपनी फिटनेस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में आदर्श थाने विकसित किये जायें, जिनमें जनता से व्यवहार, अपराधों पर नियंत्रण जैसे बिंदुओं के आधार पर निश्चित समयावधि में रैंकिंग की जाये। थानों को जनता से बेहतर संवाद और जनता का विश्वास अर्जित करने की दिशा में कार्य करना होगा। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाये कि थाने कबाड़ का अड्डा नहीं बनें। जब्त वाहनों का समय-सीमा में निष्पादन सुनिश्चित करने के लिये निश्चित नीति निर्धारित की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सायबर क्राइम पर नियंत्रण के लिये पुलिसकर्मियों की आईटी में दक्षता और सायबर सुरक्षा पर विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को पुलिस में भर्ती के लिये प्रोत्साहित किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रति वर्ष पुलिस की भर्ती सुनिश्चित की जाये। श्री चौहान ने कहा कि पुलिस में उपलब्ध प्रशिक्षित पोस्ट तथा अन्य संसाधनों का उपयोग करते हुये प्रदेश के युवाओं को पुलिस और सेना में भर्ती कराने के लिये प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाये। इसमें 15 दिन अकादमिक तथा 15 दिन का शारीरिक प्रशिक्षण शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने यह प्रशिक्षण इस साल से ही शुरू करने के निर्देश दिये।

कोशिकाओं की मदद से होगा कैंसर का इलाज

कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जिसका नाम सुनते ही आदमी चिंता में पड़ जाता है। कैंसर अभी भी एक गंभीर बीमारी है। इस बीमारी से आदमी को निजात दिलाने के लिये निरंतर शोध कार्य जारी हैं। इसी दिशा में सेराटोव स्टेट यूनिवर्सिटी (एसएसयू) के वैज्ञानिकों ने रक्त में कैंसर कोशिकाओं का पता लगाने के लिये एक नया और बेहद प्रभावी तरीका निकाला है। वैज्ञानिकों ने लेजर विकिरण के मानकों का पता लगाया है, जिस पर मेलेनोमा कोशिकाएं अल्ट्रासोनिक सिग्नल उत्पन्न करती हैं, जिससे रक्त की एक महत्वपूर्ण मात्रा का विश्लेषण करना यहां तक की प्रारंभिक चरण के कैंसर का पता लगाना संभव हो जायेगा। शोधकर्ताओं के अनुसार कैंसर से होने वाली मृत्यु में लगभग 90 प्रतिशत दरें मेटास्टैसिस के बनने से संबंधित होती हैं। इसके प्राथमिक ट्यूमर को अक्सर सफलता के साथ शल्य चिकित्सा द्वारा हटा दिया जाता है, लेकिन मेटास्टैटिक कैंसर के विपरीत गैर मेटास्टैटिक कैंसर उपचार योग्य होता है, जिसमें विभिन्न अंगों में कई मेटास्टेस विकसित होते हैं, ऐसे में जरूरी है कि मरीज के खून में कैंसर सेल्स का जल्द से जल्द पता लगाया जाये। इस प्रक्रिया में रक्त के साथ एक नमूना फ्लो साइटोमीटर में रखा जाता है, जो रक्त कोशिकाओं को एक लेजर बीम माध्यम से एक समय में एक कोशिका में प्रवाहित करता है और कोशिकाओं की प्रतिक्रिया का विश्लेषण करता है। यह प्रक्रिया रक्त कोशिकाओं का आंकलन करना संभव बनाती है और डॉक्टर को निदान में मदद करती है। शोधकर्ताओं ने कृत्रिम कैंसर कोशिकाएं विकसित की है, जो कैंसर कोशिकाओं के समान ही ध्वनि उत्पन्न करती हैं।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

राष्ट्रीय युवा दिवस | **12 जनवरी**

स्वामी विवेकानन्द का जीवन दर्शन युवाओं का प्रेरणा स्त्रोत है

संयुक्त राष्ट्र के निर्णयानुसार वर्ष 1984 को 'अन्तर्राष्ट्रीय युवा वर्ष' घोषित किया गया था। इसके महत्व के परिप्रेक्ष्य में ही भारत सरकार ने वर्ष 1984 से 12 जनवरी यानी स्वामी विवेकानन्द जयन्ती को देश में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाने का निश्चय किया था। भारत सरकार का विचार था कि स्वामी विवेकानन्द का दर्शन एवं उनके जीवन तथा कार्य में निहित उनका आदर्श भारतीय युवकों के लिए प्रेरणा का स्रोत हो सकता है।

स्वामी विवेकानन्द आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि हैं। विशेषकर भारतीय युवकों के लिए स्वामी विवेकानन्द से बढ़कर दूसरा कोई व्यक्ति सर्वस्वीकार्य आदर्श हो ही नहीं सकता है। उन्होंने हमें कुछ ऐसे विचार दिये हैं, जो हममें अपने उत्तराधिकार के रूप में प्राप्त परम्परा के प्रति एक स्वाभिमान जगाते हैं। स्वामीजी ने जो कुछ भी लिखा है वह हमारे लिए हितकर है और आगे भी रहेगा, यह प्रभाव आने वाले लम्बे समय तक हमें प्रभावित करता रहेगा। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में उन्होंने वर्तमान भारत को दृढ़रूप से प्रभावित किया। भारत की युवा पीढ़ी स्वामी विवेकानन्द से निःसृत होने वाले ज्ञान, प्रेरणा एवं तेज के स्रोत से हमेशा लाभ उठाएगी। स्वामी विवेकानन्द के इन्हीं आदर्शों को देश की युवा पीढ़ी आत्मसात करे इसी ध्येय से उनके जन्मदिन को भारत में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

अलौकिक, प्रखर, तेजस्वी वक्ता और महान दार्शनिक थे स्वामी विवेकानन्द

स्वामी विवेकानन्द का बचपन का नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था उनका जन्म 12 जनवरी 1863 में भारत के कोलकाता शहर में एक कुलीन परिवार में हुआ था। यह मेधावी बालक आगे चलकर भारतीय संस्कृति का ध्वजवाहक बना और स्वामी विवेकानन्द के नाम से जाना गया। वर्ष 1893 में स्वामी विवेकानन्द ने अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपने संक्षिप्त किंतु प्रभावी वक्तव्य में पश्चिमी दुनिया का भारतीय वेदांत दर्शन से परिचय कराया। उन्हें भारतीय संस्कृति और सनातन जीवन पद्धति से अवगत कराया। इस क्षण को 'ईस्ट मीट वेस्ट' के तौर पर जाना जाता है। वर्ष 1897 में स्वामी विवेकानन्द ने धर्म संसद से लौटने के बाद अपने गुरू संत श्रीरामकृष्ण परमहंस के नाम पर सामाजिक सेवाओं के लिए 'रामकृष्ण मिशन' की स्थापना की। इस मिशन के आदर्श कर्म योग और गुरू श्रीरामकृष्ण परमहंस की शिक्षाओं पर आधारित हैं। वर्ष 1902 में 4 फरवरी के दिन स्वामी विवेकानन्द अपने कमरे में गए और ध्यान लगाकर बैठ गए। इसी ध्यान अवस्था में वह इस दुनिया से परलोक प्रस्थान कर गए।

शिकागो में विश्व धर्म संसद के भाषण ने उन्हें विश्व स्तर पर अलौकिक और तेजस्वी वक्ता एवं दार्शनिक के तौर पर पहचान दिलाई। उनके दिए गए उपदेश और बताए गए आदर्श आज भी अमर हैं। स्वामी विवेकानन्द ने हमेशा युवाओं की क्षमता के सम्यक उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया। वह युवा पीढ़ी को प्रेरित करना चाहते थे, ताकि वे अंग्रेजों का मुकाबला कर सकें और स्वतंत्रता प्राप्त कर सकें।

संस्कृति और परम्परा के अनुरूप मनाया जाता है राष्ट्रीय युवा दिवस

भारत में रामकृष्ण मिशन के केन्द्रों पर, रामकृष्ण मठ और उनकी कई शाखा व केन्द्रों पर भारतीय संस्कृति और परम्परा

राष्ट्रीय युवा दिवस

के अनुसार राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में राष्ट्रीय युवा दिवस पर जो गतिविधियां होती हैं, उनमें खेल, सेमीनार, वेबीनार, निबन्ध-लेखन प्रतियोगिता, प्रस्तुतिकरण, योगासन, सम्मेलन, गायन, संगीत, व्याख्यान, स्वामी विवेकानन्द पर भाषण, परेड आदि शामिल होते हैं। भारतीय युवाओं को प्रेरित करने के लिये विद्यार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द के विचारों से संबंधित व्याख्यान और लेखन भी किया जाता है। युवाओं की अन्तरात्मा के प्रस्फुटन, आत्मबल के प्रोत्साहन, युवाओं के बीच भरोसा बढ़ाने, उनकी जीवन शैली के उन्नयन, कला और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये देश के बाहर के साथ ही भारत में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होता है। इस दिन देश में युवाओं को अपनी संस्कृति, गौरवशाली इतिहास और परम्परा की उन विशिष्टताओं से परिचित करवाया जाता है, जिससे भारत की विश्व में एक अलग और श्रेष्ठतम पहचान बनी है, जिससे सीख लेकर वे देश को आगे बढ़ाने में अपनी ताकत को पहचान सकें। अतः राष्ट्रीय युवा दिवस पर संस्कारों की शक्ति को दर्शाने वाले व्याख्यान रखे जाते हैं। इस दिन विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने वाले युवाओं को सम्मानित भी किया जाता है। उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुके युवाओं को व्यावसायिक मार्गदर्शन के आयोजन करने और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए उपयोगी सम्भाषण भी रखें जाते हैं। युवा वर्ग को सही राह पर चलने की प्रेरणा देने वाले आयोजन भी इस दिन होते हैं।

युवाओं के सम्यक विकास पर केन्द्रित होती है युवा दिवस की थीम

राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रति वर्ष एक थीम (विषय वस्तु) तय की जाती है, जो युवाओं के समग्र विकास की दिशा तय करती है। पिछले एक दशक की थीम पर यदि हम विचार करें तो वर्ष 2011 में इस दिन युवाओं को भारत को प्राथमिकता देने के परिप्रेक्ष्य में थीम तय की गई थी- 'सबसे पहले भारत' इस थीम के माध्यम से युवाओं को देश के लिये सर्वस्व समर्पण की अपील की गई थी। वर्ष 2012 की थीम थी- 'विविधता में एकता का जश्न।' इस थीम के माध्यम से युवाओं को देश की सांस्कृतिक विविधता के बीच एकता बनाए रखने और इस एकता के पर्व मनाने की बात कही गई थी। वर्ष 2013 की थीम थी- 'युवा शक्ति की जागरूकता।' इस थीम के माध्यम से युवाओं को सदैव जागरूक रहने का संदेश दिया गया था। वर्ष 2014 की थीम थी- 'ड्रग्स मुक्त संसार के लिये युवा।' इस संदेश में युवाओं को ड्रग्स से बचे रहने और बुरी आदतों से निपटने में अपने मनोबल के उपयोग की सलाह दी गई थी। वर्ष 2015 की थीम थी- 'यंगमंच और स्वच्छ, हरे और प्रगतिशील भारत के लिये युवा।' इस थीम में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और देश की प्रगति की चर्चा थी, ताकि इन मुद्दों पर युवा नई शुरुआत कर सकें। वर्ष 2016 की थीम थी- 'विकास, कौशल और सद्भाव के लिए भारतीय युवा।' इस वर्ष युवाओं के कौशल और समाज में सद्भाव के प्रसार का संदेश था। प्रौद्योगिकी विकास से युवाओं को जोड़ने के लिये वर्ष 2017 में राष्ट्रीय युवा दिवस के लिए थीम- 'डिजिटल इंडिया के लिए युवा' रखी गई थी। वर्ष 2018 में राष्ट्रीय युवा दिवस के लिए थीम- 'संकल्प से सिद्धी' की, वर्ष 2019 में 'राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति का इस्तेमाल' थी और वर्ष 2020 में 'वैश्विक कार्य के लिए युवाओं की भागीदारी' थीम रखी गई थी, ताकि विकास में युवाओं की सहभागिता तय कर सकें। गत वर्ष 2021 में राष्ट्रीय युवा दिवस के लिए थीम- 'युवा-उत्साह नए भारत का' थी, जो युवाओं को नये भारत के लिए उत्साह से भरने में अहम् साबित हुई।

कोरोना संक्रमण काल में महत्वपूर्ण रही युवाओं की भूमिका

विश्व में अभी तक जितने भी बड़े परिवर्तन हुए हैं, उनमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कोरोना संक्रमण काल में भी संक्रमण से निपटने और उससे बचाव के अनुशासन का पालन करने और करवाने में और संक्रमितों की सहायता में वैश्विक स्तर पर और भारत में भी युवाओं का बड़ा अवदान रहा है।

गत वर्ष देशभर के युवाओं के साथ मिलकर यूनिसेफ ने गहन विचार-विमर्श किया था कि कोरोना वायरस की दूसरी लहर के दौरान उनका समर्थन कैसे किया जा सकता है। साथ ही यह भी देखा है कि कैसे हम युवाओं को संचार के सभी माध्यमों से जोड़ सकते हैं, ताकि उन्हें कोरोना काल में काम करने में सहूलियत हो, जिसे वे आसानी से और सुरक्षित रूप से कर लें। हम मास्क पहनने से लेकर टीकाकरण तक बहुत सारी जानकारी छुपाते हैं। युवा वर्ग इन जानकारियों को अपने परिवार के साथ शेयर कर सकते हैं। इसके लिए आन्दोलन को युवाओं के साथ मिलकर चलाया गया और आगे ले जाया गया। युवा वर्ग इस आन्दोलन से व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक मैसेंजर पर हैशटैग 'यंगवॉरियर' से जुड़ सकते हैं और जरूरत पड़ने पर उन्हें मिस कॉल दे सकते हैं। इसके लिए वे Yuwaah.org या young warrior पर 'एक युवा योद्धा बनें' बटन पर क्लिक कर वॉरियर बन सकते हैं। इसमें सहभागी बनने पर हर युवा को प्रमाण पत्र दिया जाता है।

कौशल उन्नयन और कॅरियर मार्गदर्शन का संकल्प भी लेंगे

राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं के कौशल उन्नयन और युवाओं को कॅरियर परामर्श प्रदान करने के लिए भी देश के कौशल उन्नयन कार्यक्रम को पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया जाता है। इसी परिप्रेक्ष्य में इस संस्थान के नेतृत्व में भारतीय युवा इस दिन कौशल उन्नयन और कॅरियर मार्गदर्शन का संकल्प भी लेते हैं। भारतीय कौशल उन्नयन परियोजना ने इस दिशा में यूनिसेफ के साथ एक साझा योजना भी बनाई है। जिससे कोविड-19 के दौरान और कोविड-19 के बाद की अवधि में युवाओं के रोज़गार कौशल में सुधार होगा। यूनिसेफ, असेंबित युवाओं को डिजिटल शिक्षा और व्यावसायिक कौशल प्रदान कर इस पहल के तहत युवा (जेनरेशन अनलिमिटेड) के साथ सहयोग भी करेगा।

इस कार्यक्रम से युवाओं के लिए डिजिटल कौशल और जीवन कौशल में सुधार होगा, युवाओं को कॅरियर के विकल्प प्रदान किये जायेंगे। इस कार्यक्रम का लक्ष्य वर्ष 2022 के अंत तक दस लाख युवाओं को प्रभावित करना भी है। इस सबसे देश के युवा को कौशल उन्नयन और कॅरियर मार्गदर्शन में भी सहायता मिलेगी।

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 92, 93, 94, 95, 96, 97, 98, 99, 100/2021-22/ एस.ए.सी./का.यं./लो.स्वा.यां.वि./राजगढ़ **दिनांक : 30.12.2021**

निम्न कार्यों हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर आमंत्रित की गई है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत राजगढ़ जिले के विकासखण्ड नरसिंहगढ़ के निम्नलिखित ग्रामों में रेट्रोफिटिंग एवं नवीन कार्य जिसमें पाइप लाइन, टंकी, सम्पवेल, नल कनेक्शन, विद्युत कार्य, की निविदा निम्नानुसार आमंत्रित है।

ग्राम का नाम : राजगढ़ जिले के विकासखण्ड नरसिंहगढ़ के ग्राम गेंहूखेड़ी खुर्द, मस्तुखेड़ी, नाईहेडी, चांदवडली, विरगड़ी

निविदा क्र./दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	निविदा की कुल लागत रु. लाख में	धरोहर राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मुल्य	समयावधि	रिमार्क
92/21-22 दि. 31.12.21	2021_PHED_175956	नरसिंहगढ़	224.76	224760/-	15000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	

ग्राम का नाम : राजगढ़ जिले के विकासखण्ड नरसिंहगढ़ के ग्राम हीरापुरा, रावतपुरा, बावरोन, कथिरी, जानूखेड़ी, दोलतपुरा

93/21-22 दि. 31.12.21	2021_PHED_175957	नरसिंहगढ़	218.78	218780/-	15000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	

ग्राम का नाम : राजगढ़ जिले के विकासखण्ड नरसिंहगढ़ के ग्राम कोलूखेड़ी, रूपाहेडा, रूपारेला, घियाखेड़ी, नंदगांव

94/21-22 दि. 31.12.21	2021_PHED_175959	नरसिंहगढ़	202.73	202730/-	15000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	

ग्राम का नाम : राजगढ़ जिले के विकासखण्ड नरसिंहगढ़ के ग्राम पीपल्या धाकड़, किशोरपुरा, चोरखेड़ी, कुकल्याखेड़ी, उदपुरिया, खेड़ी

95/21-22 दि. 31.12.21	2021_PHED_175961	नरसिंहगढ़	304.34	304340/-	15000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	

ग्राम का नाम : राजगढ़ जिले के विकासखण्ड नरसिंहगढ़ के ग्राम कडिया चंद्रावत, मदोरी, श्यामपुरा, मुण्डली, चेनपुराखुर्द, मदोरा, छाबड़

96/21-22 दि. 31.12.21	2021_PHED_175965	नरसिंहगढ़	222.86	222860/-	15000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	

ग्राम का नाम : राजगढ़ जिले के विकासखण्ड नरसिंहगढ़ के ग्राम रनजीतपुरा, भोजपुरिया, आंखखेड़ीखुर्द, पीपल्याकाजी, ललोती, वाड़िया

97/21-22 दि. 31.12.21	2021_PHED_175969	नरसिंहगढ़	254.64	254640/-	15000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	

ग्राम का नाम : राजगढ़ जिले के विकासखण्ड नरसिंहगढ़ के ग्राम सेमलखेड़ी, पालखेड़ी चोकी, खेरखेड़ी छतरपुरा, सेमलारामसिंह

98/21-22 दि. 31.12.21	2021_PHED_175973	नरसिंहगढ़	252.33	252330/-	15000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	

ग्राम का नाम : राजगढ़ जिले के विकासखण्ड नरसिंहगढ़ के ग्राम शंकरपुरा, चेनपुराकला, पलासी, कालवावेह, नरसिंगपुरा, मुण्डला बजरंग

99/21-22 दि. 31.12.21	2021_PHED_175975	नरसिंहगढ़	212.52	212520/-	15000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	

ग्राम का नाम : राजगढ़ जिले के विकासखण्ड नरसिंहगढ़ के ग्राम सुहागपुर, होशियारखेड़ी, पखरी, खलेली, ओकारपुरा, बिसारती

100/21-22 दि. 31.12.21	2021_PHED_175976	नरसिंहगढ़	214.90	214900/-	15000/-	06 माह (वर्षाकाल सहित)	

ऑनलाइन निविदा क्रय करने की **अंतिम तिथि : 14.01.2022**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की अंतिम तिथि : 17.01.2022

कार्यपालन यंत्री
जी-20917/46419/2022 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

निविदा सूचना 23 वर्ष 2021-22 **भोपाल, दिनांक : 30.12.2021**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेवसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	आमंत्रण क्रमांक	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)
1.	2021_PWDRB_175794_1	ट्रांसपोर्ट नगर कोकता से भानपुर चौराहा मार्ग के कि.मी. 1/2 से 9/8 में मजबूतीकरण एवं कि.मी., 9/10 से 11/4 लम्बाई-1.50 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण कार्य कुल लम्बाई-10.30 कि.मी. का शेष कार्य।	प्रथम	484.67/-
2.	2021_PWDRB_175918_1	सर्वेक्षण एवं निर्माण उपसंभाग के अनुभाग क्र. 2 चार इमली के अंतर्गत बी टाइप बंगलो में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत व अनुरक्षण कार्य।	प्रथम	60/-
3.	2021_PWDRB_175920_1	चार इमली सेक्शन क्रमांक 2 के अंतर्गत वी टाइप बंगलो विभिन्न एम.ओ.डब्ल्यू. कार्य।	प्रथम	60/-

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय एवं जमा करने की **अंतिम तिथि 17.01.2022 सायं 17:30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-20890/46415/2022 **लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2 भोपाल**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ

Ph. No. (07392) 244306, Email : eephedjha@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 41/प्रोक्योरमेंट सेल/21-22 **झाबुआ, दिनाक : 30.12.2021**

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत निविदाकारों से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर झाबुआ जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्यों हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित है।

ई-टेण्डर क्रमांक	विकासखण्ड/ ग्राम का नाम	ग्रामों की संख्या	ठेके की अनु. लागत लाख में	प्रतिभूति राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्यपूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित)
2021_PHED_175774	पेटलावद/झोंसर, रामगढ एवं अनन्तखेड़ी	3	380.57	380570/-	15000/-	6 माह
2021_PHED_175776	रामा/मुण्डल बियाडावर लीमखोदरा एवं गुलरपाड़ा	4	302.78	302780	15000/-	6 माह
2021_PHED_175777	थान्दला/रतनाली	1	102.80	102800/-	12500/-	6 माह
2021_PHED_175778	मेघनगर/देवीगढ़ एवं आमलीपठार	2	302.79	302790/-	15000/-	6 माह

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम **तिथि** : **12.01.2022, 17:30 बजे तक**
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : 12.01.2022, 17:30 बजे तक
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 14.01.2022, 13:00 बजे तक

शर्तें : 1. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधनकारक होगी।
2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन पर आवश्यक राशि का भुगतान इंटरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के द्वारा क्रय किये जा सकते हैं।

सदस्य सचिव (DWSM) एवं कार्यपालन यंत्री
जी-20892/46416/2022 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्रमांक 1 सागर

फोन नं. : 07582-222296, ई-मेल आई.डी. : eepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं.-10/2021/22/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण **सागर, दिनांक : 28.12.2021**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली फर्म से आमंत्रण की जाती है :

क्र. व कार्य का नाम :- 1. लोक निर्माण विभाग मुख्यालय उपसंभाग सागर के अंतर्गत जी.ए.डी. कॉलोनी एवं आस-पास के आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू. डिपॉजिट कार्य।

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	रिमार्क
2021_PWDRB_175479	सागर	10000000/-	100000	10000	04 माह	

क्र. व कार्य का नाम :- 2. लोक निर्माण विभाग मुख्यालय उपसंभाग सागर के अंतर्गत जेल विभाग के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों एवं इनसे संबंधित भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू. डिपाजिट कार्य।

2021_PWDRB_175480	सागर	7500000/-	75000	10000	04 माह	

क्र. व कार्य का नाम :- 1. लोक निर्माण विभाग मुख्यालय उपसंभाग सागर के अंतर्गत जेल विभाग एवं इनसे संबंधित आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई एवं पुताई कार्य।

2021_PWDRB_175481	सागर	2500000/-	50000	5000	04 माह	

क्र. व कार्य का नाम :- 1. लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सागर के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग, वाणिज्य कर एवं अन्य विभागों के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में वार्षिक मरम्मत, विशेष मरम्मत, एम.ओ.डब्ल्यू. डिपाजिट कार्य।

2021_PWDRB_175483	सागर	7500000/-	75000	10000	04 माह	

क्र. व कार्य का नाम :- 5. लोक निर्माण विभाग उपसंभाग रहली के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में रंगाई एवं पुताई कार्य।

2021_PWDRB_175484	सागर	2500000/-	50000	5000	04 माह	

योग 30000000/-

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/** पर विना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 30.12.2021 समय 10:00 से दिनांक 12.01.2022 समय 5:30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-20909/46417/2022 **लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र. 1, सागर**

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD (E/M)
DIVISION SAGAR

PHONE No. : 07582-221289, E-mail:-eepwdenmsag@mp.gov.in

NIT No. 20/2021-22/ **SAGAR, DATE : 31.12.2021**

Online bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria :

Name of work : Electrification Work of Sub Jail Building Luvkushnagar Distt.-Chhatarpur (M.P.)

S. No.	Tender Portal No.	District	Probable Amount Contract (Rs. in)	Eranest Money Deposit (EMD) (in Rs.)	Cost of Bid Document (in Rs.)	Period of completion (in months i/c Rainy Season)
1.	2021_PWDRB_176281_1	Chhatarpur	804000/-	16080/-	2000/-	45 Days

TOTAL 804000

1. All details relating to the Bid Document (s) can be viewed and downloaded free of cost from the website **http://mptenders.gov.in**
2. Bid Document (s) can be purchased after making online payment of portal fees through Credit/ Debit/Cash Card/internet Banking.
3. The Bid Document (s) can be purchased only online **from 01.01.2022 (time) 10.30 AM to 15.01.2022 time 05.30 PM** Other key dates may be seen in Bid Data Sheet.
4. Amendment (s) to NIT, if any, shall be published on website only, and not in newspaper.

Executive Engineer
G-21024/46428/2022 **P.W.D. (E/M) Division Sagar**

कार्यालय, कार्यपालन यंत्री
म.प्र. लोक निर्माण विभाग संभाग शिवपुरी (म.प्र.)

Website : www.mp.gov.in/pwdmp, E-mail : eepwdshivpuri@mp.nic.in
Phone : 07492-233353 (O), Fax : 07492-233644

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक : 23/2021-22 **शिवपुरी, दिनांक : 29.12.2021**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्रमांक 22/2020-21 शिवपुरी दिनांक 27.01.2021 द्वारा प्रचलित भवन/पथ कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 01.12.2020/29.08.2017 पर निविदायें लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती हैं। जिसका संपूर्ण विवरण **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली परिवर्तन की सूचना वेबसाइट पर ही देखें। पृथक से प्रकाशित नहीं की जावेगी।

क्र. एवं कार्य का नाम : 1. रऱ्होद (रऱ्हौद-पिछोर मार्ग के कि.मी. 24/8) से मेनवाड़ा, छोटा पहाड़ा, बड़ा पहाड़ा, सेमरी दसौरि या, पिपरौदा आलम तक मार्ग लम्बाई 12.78 कि.मी. जिला शिवपुरी (म.प्र.)।

टेण्डर आई.डी.	(1) ठेके की अनु. लागत राशि (2) अमानत राशि	टेण्डर फार्म की राशि (रुपये में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	पंजीयन श्रेणी
2021_PWDRB_175639_1	(1) 1218.31 लाख (2) 609154/-	30,000/- + (पोर्टल चार्ज)	24 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
2. बी.टी. रिन्यूवल ऑन बदरवास टू एजवारा, सडवुड, कुण्डई रोड लम्बाई 11.00 कि.मी. जिला शिवपुरी (म.प्र.)।				
2021_PWDRB_175680_1	(1) 156.91 लाख (2) 156910/-	12,500/- + (पोर्टल चार्ज)	06 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
3. बी.टी. रिन्यूवल ऑन वैराड़ धौरिया रोड लम्बाई कि.मी. 1 टू 5, 11, 12, 13, 14/2-6 = 500 एण्ड लिंक रोड 1.50 कि.मी. कुल लम्बाई 10.00 कि.मी. जिला शिवपुरी (म.प्र.)।				
2021_PWDRB_175682_1	(1) 102.98 लाख (2) 102980/-	12,500/- + (पोर्टल चार्ज)	06 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
4. बी.टी. रिन्यूवल ऑन गेहलोनी टू बेरजा रोड लम्बाई 5.10 कि.मी. जिला शिवपुरी (म.प्र.)।				
2021_PWDRB_175683_1	(1) 44.88 लाख (2) 44880/-	5,000/- + (पोर्टल चार्ज)	03 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
5. नगर परिषद कोलारस में पुराने नेशनल हाइवे से धर्मशाला की ओर रोड पर डामरीकरण कार्य।				
2021_PWDRB_175685_1	(1) 7.76 लाख (2) 15520/-	2,000/- + (पोर्टल चार्ज)	01 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
6. नगर परिषद कोलारस में धर्मशाला से पुराने पुलिस थाने की ओर रोड पर डामरीकरण कार्य।				
2021_PWDRB_175688_1	(1) 7.38 लाख (2) 14760/-	2,000/- + (पोर्टल चार्ज)	01 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार
7. नगर परिषद कोलारस में पुलिस थाने से गौड़ की चक्की की ओर रोड पर डामरीकरण कार्य।				
2021_PWDRB_175690_1	(1) 6.55 लाख (2) 13100/-	2,000/- + (पोर्टल चार्ज)	01 माह वर्षाकाल सहित प्रथम आमंत्रण	लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार

ऑनलाइन निविदा जारी व डाउनलोड करने की आरम्भ तिथि : 31.12.2021 प्रातः 10:30 बजे से।
ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि : 15.01.2022 सायं 17:30 बजे तक।**
ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि : 17.01.2022 प्रातः 11:00 बजे।
उक्त कार्य की ई.एम.डी. एवं समस्त दस्तावेज जो पूर्व में भौतिक रूप से संभाग कार्यालय में जमा किये जाते थे। उन्हें प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल के आदेश क्रमांक/401/सा/ई-टेण्डरिंग/09/1088 दिनांक 05.11.2020 के निर्देशानुसार ऑनलाइन ही मान्य किये जावेंगे। यदि ई.एम.डी. एवं समस्त इस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत नहीं किये जाते हैं, तो ऐसी निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेवसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं तथा सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी विलम्ब एवं अन्य समस्याओं के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-20910/46418/2022 **लोक निर्माण विभाग संभाग शिवपुरी (म.प्र.)**

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, तहसील कैम्पस सागर म.प्र.

एनआईटी नं.-34/2021/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/... **सागर, दिनांक : 29.12.2021**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स.क्र. एवं कार्य का नाम : 1. जरूआखेड़ा जिला सागर में 06 ट्रेड आई.टी.आई. भवन, 60 सीटर बालक छात्रावास, 01 एफ टाईप, 02 एच टाईप एवं 04 आई टाईप आवास गृहों का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य (प्रथम आमंत्रण)

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां तकनीकी बिड भौतिक रूप से सत्यापित की जावेगी
2021_PWPIU_175962_1	सागर	839.42	839423/-	20000/-	18 माह	अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पीआईयू जबलपुर

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेवसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेविट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 31.12.2021 समय 10:30 से दिनंक 15.01.2022 समय 17:30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेवसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
जी-20943/46420/2022 **लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. सागर**

स्कूल शिक्षा विभाग
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (म.प्र.)
राज्य शिक्षा केन्द्र

पुस्तक भवन, बी-विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल - 462011
दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95, फैक्स : 2552363, 2760561

पत्र क्र./राशिके/NTSE/NMMSS/2021/26 **भोपाल, दिनांक : 05.01.2022**

राष्ट्रीय मीन्स कम मैरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा वर्ष 2021-22
तिथि संशोधन

राष्ट्रीय मीन्स कम मैरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा 2021-22 दिनांक 18.02.2022 के विज्ञापन क्रमांक पत्र क्रमांक/रा.शि.के./NTSE-NMMSS/2021/2367 भोपाल दिनांक 24.12.2021 (जी-20707/21) में विन्दु क्रमांक 06 में ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभ तिथि 03.01.2021, आवेदन भरने की **अंतिम तिथि 22.01.2022** एवं परीक्षा दिनांक व दिन 18.02.2022 दिन (रविवार) के स्थान पर **ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभ तिथि 07.01.2022, आवेदन भरने की अंतिम तिथि 05.02.2022 एवं परीक्षा दिनांक व दिन 20.03.2022 (रविवार) पढ़ा जाये।**
शेष अन्य जानकारियां पूर्ववत रहेगी।

संचालक
जी-20996/46427/2022 **राज्य शिक्षा केन्द्र**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)

दूरभाष (07141) कार्यालय 238320, Email : eephedbet@mp.nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 3471/लेखा/का.यं./लोस्वायांबि. खंड/बैतूल/ **दिनांक : 30.12.2021**

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://mptenders.gov.in** बैतूल जिले के विकासखण्ड आमला, मुलताई, प्रभातपट्टन एवं चिचोली के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत पाइप लाइन, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन तथा आर.सी.सी. उच्च स्तरीय जल संग्रहण टंकी तथा आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण कार्य हेतु निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है :-

निविदा क्रमांक/ दिनांक	सिस्टम क्रमांक	विकासखण्ड	ग्राम की संख्या	निविदा की कुल लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी
128/21-22/ Dt. 30.12.2021	175954	चिचोली	2	107.03	107030/-	12500/-	06 माह वर्षाकाल सहित	नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली
129/21-22/ Dt. 30.12.2021	175967	आमला	4	208.15	208150/-	15000/-		
130/21-22/ Dt. 30.12.2021	175981	मुलताई	5	250.05	250050/-	15000/-		
131/21-22/ Dt. 30.12.2021	175994	आमला	4	223.75	223750/-	15000/-		
132/21-22/ Dt. 30.12.2021	176028	मुलताई	3	227.20	227200/-	15000/-		
133/21-22/ Dt. 30.12.2021	176053	मुलताई	3	148.98	148980/-	12500/-		
134/21-22/ Dt. 30.12.2021	176054	प्रभातपट्टन	3	177.18	177180/-	12500/-		

सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, रेसीडेंसी एरिया, इंदौर (म.प्र.)-452001
लिफाफे पर राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2019 के साक्षात्कार हेतु अभिलेख अवश्य लिखें।

जी-21092/46445/2022 **उप परीक्षा नियंत्रक**

ऊर्जा विभाग की समीक्षा

ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि के साथ बेहतर संधारण और श्रेष्ठ सेवाएं देना आवश्यक

भोपाल, ऊर्जा क्षेत्र में मध्यप्रदेश को ज्यादा सक्षम बनाने की दिशा में प्रयत्न बढ़ाए जाएं। प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि हुई है। साथ ही यह भी आवश्यक है कि बेहतर संधारण और श्रेष्ठ सेवाओं के माध्यम से आम जनता को लाभान्वित करने पर निरंतर ध्यान दिया जाए। बिजली उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, बड़े बकायेदारों से बिल की वसूली, जले ट्रांसफार्मर तत्काल सुधारने और उपभोक्ताओं का संतुष्टि स्तर बढ़ाने का कार्य किया जाये। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में ऊर्जा विभाग की समीक्षा करते हुये दिये। ऊर्जा विभाग को बेस्ट प्रेक्टिसेज का अध्ययन कर लागू करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिजली के अवैध कनेक्शन पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही की जाए। इसी तरह कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति के शेड्यूल में फेरबदल की स्थिति में सूचित अवश्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर स्थापित करने, सामग्री क्रय में स्थानीय विनिर्माण को प्राथमिकता देने, वितरण अधोसंरचना के सतत् संधारण, ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर निर्माण, पारेषण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए नए अति उच्चदाब उपकेंद्रों के निर्माण, जीआईएस आधारित फील्ड सर्वे एवं प्रोजेक्ट प्लानिंग, जल विद्युत संयंत्रों के नवीनीकरण, रीवैम्प्ड वितरण क्षेत्र सुधार योजना पर अमल के लिए निरंतर प्रयास करने के निर्देश दिए।

ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के कार्य पूरे होने पर दी बधाई

श्री चौहान ने ऊर्जा विभाग द्वारा ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर निर्माण में सभी 12 उप केंद्रों का कार्य समय पर पूर्ण करने और 46 में से 44 लाइनों का कार्य पूर्ण हो जाने पर बधाई दी। प्रमुख सचिव ऊर्जा ने बताया कि शेष दो लाइनों का कार्य वर्ष 2022 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य है। प्रदेश में सात इनहाउस परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना की लक्ष्य पूर्ति में भी सफलता मिल रही है। ट्रांसफार्मर, मीटर और केवल सामग्री के परीक्षण के लिए भोपाल, जबलपुर और इंदौर में प्रयोगशालाएं स्थापित की जा चुकी हैं। द्वितीय चरण में ग्वालियर, सतना, छिंदवाड़ा और उज्जैन में प्रयोगशालाओं की स्थापना की कार्यवाही शुरू की गई है।

दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना में कार्य पूर्ण

भारत शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश के ऊर्जा विभाग ने कार्य पूर्ण कर लिए हैं। दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना में मध्यप्रदेश के लिए स्वीकृत 136 योजनाओं में कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी तरह आई.पी.डी.एस. में स्वीकृत 43 योजनाएं पूर्ण कर ली गई हैं।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप का क्रियान्वयन

श्री चौहान को बताया गया कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप के क्रियान्वयन में टी.बी.सी.बी. रूट के माध्यम से 35 ई.एच.वी. सब-स्टेशन और संबंधित ट्रांसमिशन सिस्टम के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। इस कार्य का अनुमानित निवेश 2000 करोड़ रुपये है। इन कार्यों से पारेषण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण हो जाने से गुणवत्तापूर्ण विद्युत प्रदाय सुनिश्चित होगा। इन कार्यों को मार्च 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसी तरह ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर परियोजना में कुल 58 गतिविधियों में से 56 पूर्ण हो गई हैं।

युवाओं को मिले कार्य का मौका

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण युवाओं को आई.टी.आई. में प्रशिक्षण देने और आउटसोर्स के आधार पर विद्युत लाइनों के मेंटेनेंस का अवसर प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे युवा जो आई.टी.आई. प्रशिक्षित नहीं हैं, लेकिन रोज़गार के इच्छुक हैं, उन्हें भी विभिन्न दायित्वों से जोड़ा जा सकता है। विभागीय गतिविधियों में नए उपाय और नवाचारों से अधिक अच्छे परिणाम लाने के प्रयास किए जाएं।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की समीक्षा

सांची को प्रथम सोलर सिटी बनाने के लिए कार्यों की गति बढ़ाएं - मुख्यमंत्री

भोपाल, विश्व धरोहर स्थल रायसेन जिले के नगर सांची को प्रथम सोलर सिटी के रूप में पहचान दिलवाने के लिए कार्यों की गति बढ़ाई जाए। यह प्रदेश की अद्भुत उपलब्धि होगी। ओंकारेश्वर में स्थापित किए जा रहे फ्लोटिंग सोलर प्लांट के कार्यों को आगामी डेढ़ वर्ष में पूर्ण किया जाए। प्रदेश में ऊर्जा साक्षरता बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार आधारित ठोस रणनीति पर अमल किया जाए। लोगों को बिजली की बचत का संदेश पहुंचाने के लिए रेडियो, टी.वी., सोशल मीडिया आदि का उपयोग किया जाए। बिजली बचाना, बिजली बनाने के बराबर है। राज्य हित में इस भाव को जन-जन तक पहुंचाया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

सांची सोलर सिटी योजना

सांची सोलर सिटी योजना के तहत इस प्रमुख पर्यटन केंद्र में 12 तकनीकी संस्थानों को ऑफ-ग्रिड सोलर प्लांट से संचालित किया जाएगा। आंगनवाड़ी भवनों को सौर ऊर्जा से ऊर्जीकृत किया जाएगा। सांची ग्रिड सिस्टम में 6 हजार किलोवॉट क्षमता का सोलर सिस्टम लगाया जाना है। परियोजना में सांची के प्रत्येक घर, कृषि और उद्योग को सोलर सिस्टम से जोड़ा जायेगा। इससे बिजली का बिल, प्रदूषण, सरकारी सब्सिडी की आवश्यकता में कमी आने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और सांची के पर्यटन महत्व में भी वृद्धि होगी। सांची को ग्राउंड माउंटेड सोलर सिस्टम बनाने के लिए नजदीकी गांव नागोरी में 20 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है।

घरों की छत पर लगाए जाएं प्लांट

मुख्यमंत्री ने कहा कि सूरज से बिजली प्राप्त करने की परियोजनाओं का क्रियान्वयन तेज किया जाए। जहां सोलर पार्क और परियोजनाएं महत्वपूर्ण हैं, वहीं घर-घर में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। सौर ऊर्जा का घरेलू उपभोक्ता भी प्रयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोलर रूफ-टॉप संयंत्र के उपयोग के लिए लोगों को प्रोत्साहित करें। सोलर रूफ-टॉप के अधिकाधिक उपयोग के लिए प्रचार अभियान संचालित किया जाए।

परियोजनाओं का क्रियान्वयन

श्री चौहान ने आगर, नीमच और शाजापुर सौर परियोजनाओं के कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। छतरपुर सौर परियोजना के लिए भी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ट्रांसेक्शन सलाहकार का चयन कर लिया गया है। मुरैना सौर परियोजना के लिए बेसलाइन सर्वे का कार्य चल रहा है। भूमि आवंटन की कार्यवाही को भी शीघ्र पूरा किया जा रहा है। कृषि उपयोग के लिए कुसुम योजना में विभिन्न कार्य निरंतर किए जा रहे हैं।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग ने संबंधित विभागों से अभिमत प्राप्त कर कार्यों को पूर्ण करने के प्रयास किए हैं। ऊर्जा साक्षरता अभियान में जलवायु परिवर्तन के दृष्टिगत ऊर्जा संरक्षण से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ नागरिकों तक पहुंचाने की योजना है। विभिन्न पाठ्यक्रम मॉड्यूल में भी इसका समावेश किया जाएगा। विशेष टूल किट प्रदान कर जागरूकता प्रसार किया जाएगा।

तीन लाख 20 हजार विद्यार्थी वन्य-प्राणी और संरक्षण के प्रति होंगे जागरूक

भोपाल, मध्यप्रदेश के शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को 'अनुभूति कार्यक्रम' के जरिए वन्य-प्राणी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस वर्ष 3 लाख 20 हजार विद्यार्थियों को जागरूक करने का लक्ष्य है। कार्यक्रम का शुभारंभ दिसम्बर, 2021 में इन्दौर जिले के यूनिक हायर सेकेण्डरी मानपुर में 43 विद्यार्थियों के शिविर के आयोजन से किया गया। ईको पर्यटन विकास बोर्ड के सी.ई.ओ. श्री सत्यानंद ने बताया कि प्रदेश के सभी वन क्षेत्रों में कोविड-19 के मार्गदर्शी निर्देशों का पालन करते हुए अनुभूति शिविरों के माध्यम से जनवरी माह में शासकीय विद्यालयों के एक लाख 20 हजार विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। वर्ष की शेष अवधि में अशासकीय विद्यालयों के दो लाख विद्यार्थियों को 'कार्यक्रम' से जोड़ा जाएगा। अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए सशुल्क शिविर लगेंगे।

मध्यप्रदेश में बांस के उत्पादन को दिया जाए बढ़ावा - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में बांस का उत्पादन बढ़ाया जाये। इससे लोगों को रोज़गार के साथ प्रचुर मात्रा में लकड़ी भी मिल सकेगी। बांस का रकवा जितना बढ़ा सकते हैं, उतना बढ़ाने के प्रयास हों। प्रदेश में सघन वन क्षेत्र में काफी वृद्धि हुई है। इसमें जन-सहयोग की महती भूमिका रही है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

बाघ संरक्षण में कमी नहीं रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में सबसे अधिक बाघ हैं। इनके संरक्षण पर कोई कमी नहीं रहने दी जाये। श्री चौहान ने कहा कि सामुदायिक वन प्रबंधन के लिए निर्धारित संकल्प के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। कैंपा निधि का उपयोग बेहतर ढंग से सुनिश्चित कर लें। ईको पर्यटन में रोज़गार को बढ़ाया जाये।

वन पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन पर्यटन अद्भुत कॉन्सेप्ट है। वन पर्यटन को अधिकाधिक बढ़ावा दिया जाए। वनों में पहुंचकर पर्यटक आनंद से भर जाते हैं। प्रदेश में बाघों के अलावा वन पर्यटन का सर्किट तैयार करने की कार्य-योजना बना ली जाए। श्री चौहान ने कहा कि नेशनल पार्क वन क्षेत्रों में ट्रैकिंग को बढ़ावा दें। टूरिज़्म के साथ मिलकर कार्य करें। हमारे वन क्षेत्रों को अंतर्राष्ट्रीय नक्शे पर लायें।

ध्यान कुटी बनाई जाए

श्री चौहान ने कहा कि अमरकंटक सहित विभिन्न स्थानों पर ध्यान कुटी बनाई जा सकती हैं। लोगों को आनंद की चाह और ललक रहती है।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के परिप्रेक्ष्य में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका

मुख्यमंत्री ने 2500 वन समितियों की सूक्ष्म वन प्रबंधन योजनाएं लागू करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के परिप्रेक्ष्य में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वन सुरक्षा समितियों को लंबित लाभांश का भुगतान किया जाये। राजस्व और वन भूमि के विवादों का निराकरण तेजी से करें। पर्यावरणीय स्वीकृतियां समय पर जारी हों।

पशुओं की नस्ल सुधार के लिए उठायें आवश्यक कदम - मुख्यमंत्री

भोपाल, पशुओं की नस्ल सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाये जायें। पशुपालन एवं डेयरी विकास के लिए तेजी से प्रयास हों। पशुओं की नस्ल सुधारने से उन्हें उपयोगी बनाया जा सकता है। कृत्रिम गर्भाधान ढंग से करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की समीक्षा करते हुये कहीं।

बकरी पालन को दिया जाये बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने बकरी पालन को बढ़ावा देने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कम खर्च में बकरी पालन संभव है। नवीन चारा उत्पादन कार्यक्रम में चारे के अधिकाधिक उत्पादन के प्रयास हों।

जनता को पशुपालन से जोड़ें

श्री चौहान ने कहा कि लोगों को पशुपालन से जोड़ने का कार्य हो। विशेषकर वैगा जनजाति को पशु देकर पशुपालन से जोड़ा जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ-संवर्धन से रोज़गार को बढ़ाया जाये। पोल्ट्री उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रस्ताव तैयार कर आगे बढ़ायें। भारत सरकार की बैकयार्ड योजना में चूजा प्रदाय का विस्तार किया जाये।

श्री चौहान ने कहा कि मिशन मोड में लेकर लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाया जाये। विशेषकर महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधारने के प्रयास हों।

गरीबों को रोज़गार से जोड़ें

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से लोगों को रोज़गार से जोड़ें। गौ-शालाओं का संचालन व्यवस्थित ढंग से हो। गौ-शालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाये। गोबर, गौ-मूत्र से कई उत्पाद बन रहे हैं। गाय के गोबर और गौमूत्र के नये-नये प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि गौ-वंश के संरक्षण के लिए कमी नहीं रहे। किसानों की आय और रोज़गार के अवसर बढ़ाने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग की महती भूमिका है।

श्रम विभाग की समीक्षा

श्रम कल्याण के साथ नए स्वरूप में लागू होगी संबल योजना - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में श्रम विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना गरीबों के कल्याण के लिए लागू की गई महत्वपूर्ण योजना है। आने वाले वित्त वर्ष से इस योजना को पूरी ताकत से क्रियान्वित किया जाएगा। वर्ष 2019 में योजना के क्रियान्वयन में जो रुकावटें आई थीं, उन्हें दूर किया जाएगा। वर्तमान में योजना की कमियों को दूर करने का कार्य किया जा रहा है। श्रम विभाग इस योजना में अच्छे परिणाम लाने का कार्य करे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संबल उनके अंतर्मन से निकली गरीबों के कल्याण की विशिष्ट योजना है। इसकी रीपैकेजिंग कर लागू करने का कार्य किया जाएगा। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए एक अप्रैल 2018 से शुरू की गई इस योजना में ऐसे व्यक्ति शामिल किए जाते हैं, जिन्हें पी.एफ., ग्रेच्युटी और ई.एस.आई. का लाभ नहीं मिलता है, जो शासकीय सेवक, आयकरदाता न हो और एक हेक्टेयर से कम भूमिधारक हो। योजना में पात्र हितग्राहियों के नाम भी जोड़े जाएंगे। वर्तमान वित्त वर्ष में अनुग्रह योजना में सहायता के 23 हजार प्रकरण मंजूर किए गए हैं।

श्रमोदय आवासीय विद्यालयों के संचालन में अग्रणी बने प्रदेश

श्री चौहान ने कहा कि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में संचालित श्रमोदय विद्यालय देश के श्रेष्ठ विद्यालय बनें, इस दिशा में प्रयास किए जाएं। इन विद्यालयों को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाए। श्रमिकों के बच्चों के लिए पब्लिक स्कूल की तरह सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाते हुए शिक्षाविदों से भी विद्यालयों को जोड़ा जाए। इनके प्रबंधन के कार्यों में सेवाभावी शिक्षण संस्थाओं को जोड़ने पर भी विचार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यालयों का ऐसा प्रबंधन हो कि विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार और शिक्षा दोनों का लाभ मिले।

सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग से बढ़ाएं राजस्व

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वाणिज्य कर विभाग की समीक्षा करते हुये कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लक्ष्य को पाने के लिए वाणिज्यिक कर विभाग की अहम भूमिका है। अन्य क्षेत्रों में कार्य के साथ ही राजस्व वृद्धि भी आवश्यक है जिसके लिए उपाय खोजें। कर अपवंचन पर प्रभावी नियंत्रण, अवैध मदिरा के मामलों में निरंतर कार्यवाही, नियमों के सरलीकरण, विभागीय कम्प्यूटराइजेशन, समस्त प्रकार के लायसेंसों के आवेदन प्राप्त करने और उनके निराकरण के लिए पोर्टल के उपयोग, शासकीय कर्मियों को आई.टी. में दक्ष बनाने, आंतरिक ऑडिट प्रणाली को मजबूत करने, विभाग की प्रक्रियाओं के आधुनिकीकरण के माध्यम से राजस्व वृद्धि के ठोस प्रयास करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भामा शाह योजना के क्रियान्वयन, व्यवसायियों को मित्र बनाकर उन्हें प्रदेश के विकास में पार्टनर बनाने और अन्य राज्यों के श्रेष्ठ नवाचार अपनाने पर ध्यान दिया जाए। जिन मदों में राजस्व कम प्राप्त हो रहा है, उन्हें चिन्हित कर राजस्व प्राप्ति के प्रयास बढ़ाए जाएं। व्यापार और उपभोक्ता संघ से सुझाव प्राप्त कर उन पर अमल किया जाए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थ-व्यवस्था के संकल्प में भी राज्य के योगदान को बढ़ाने का प्रयास हो।

कोरोना संक्रमण नियंत्रित होते ही फिर से शुरू होगी तीर्थ-दर्शन योजना

आध्यात्म विभाग की समीक्षा करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा जयंती को जनउत्सव के रूप में मनाया जाये। स्थानीय निकाय और जनसहयोग से विभिन्न उत्सवों को मनाने की व्यवस्था की जाए। महाशिवरात्रि सहित अन्य मेलों को प्रासंगिक बनाने की कार्य-योजना बना ली जाए। मुख्यमंत्री तीर्थ-दर्शन योजना कोरोना की तीसरी लहर के बाद पुनः प्रारंभ करना है। कोविड संक्रमण नियंत्रित होते ही इसे प्रारंभ करें। रेलवे के अधिकारियों के साथ अभी से बात कर लें।

मंदिरों का हो जीर्णोद्धार

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलों के अमले, जनअभियान परिषद, संत-महात्माओं आदि का सहयोग लेकर आध्यात्म से संबंधित कार्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि मंदिरों का जीर्णोद्धार करायें।

मध्यप्रदेश में 20 जनवरी तक 15 से 18 वर्ष के सभी बच्चों का होगा टीकाकरण

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में बच्चों के टीकाकरण अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, कोविड-19 की तीसरी लहर की आहट है, हमें इससे डरना नहीं, इससे लड़ना है। टीकाकरण हमें सुरक्षा प्रदान करता है। प्रदेश की 95 प्रतिशत पात्र जनसंख्या को टीके का पहला और 92 प्रतिशत लोगों को दूसरा डोज लगाया जा चुका है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के 15 से 18 वर्ष के सभी बच्चों का 20 जनवरी तक टीकाकरण कर उन्हें सुरक्षा चक्र प्रदान किया जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल में 15 से 18 वर्ष के बच्चों के टीकाकरण महाअभियान का राज्य स्तर पर शुभारंभ करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और वैज्ञानिकों का आभार मानते हुए कहा कि अब तक देश में 140 करोड़ से अधिक कोविड-19 वैक्सीन के डोज लगाए जा चुके हैं। 15 से 18 वर्ष के बच्चों के टीकाकरण का अभियान आरंभ हो गया है। इस आयु वर्ग के बच्चों के टीकाकरण के लिए 8 हजार 667 सेंटर बनाए गए हैं। बच्चों को सुरक्षा प्रदान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगे आने वाली परिस्थितियों का सामना हमें बहादुरी और समझदारी से करना है। विश्व के डॉक्टरों और वैज्ञानिकों का मानना है कि मास्क वायरस से 90 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान करता है। टीकाकरण प्रभावी सुरक्षा चक्र है। अतः यह आवश्यक है कि टीकाकरण के लिए पात्र प्रत्येक व्यक्ति टीकाकरण कराए, मास्क लगाए और कोरोना अनुकूल व्यवहार का पालन करें।

श्री चौहान ने कहा कि आर्थिक गतिविधियों और बच्चों की पढ़ाई को रोका नहीं जा सकता है। प्रदेश में स्कूल और व्यापारिक गतिविधियां सामान्य रूप से जारी रहेंगी। इसलिए आवश्यक है कि हम मास्क लगाने को अपने जीवन की आदत बनाएं और सभी सावधानियों का पालन करते हुए अपनी पढ़ाई और जीवन की सामान्य गतिविधियों को जारी रखें।

मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं टीकाकरण कराएं और अपने परिवार तथा परिजनों में पात्र सभी व्यक्तियों का टीकाकरण सुनिश्चित करें। राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम में पूर्व प्रोटेम स्पीकर तथा विधायक श्री रामेश्वर शर्मा तथा विधायक श्रीमती कृष्णा गौर उपस्थित थीं।

श्री चौहान ने सुभाष स्कूल में बने टीकाकरण केंद्र की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और विद्यार्थियों से चर्चा की।

जल-जीवन मिशन

पैंतालिस लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को मिला नल से जल

चार सौ सोलह ग्रामों में शत-प्रतिशत नल कनेक्शन

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश के हर ग्रामीण परिवार को साफ पेयजल उपलब्ध कराना जल-जीवन मिशन का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि अपनी भावी पीढ़ी के लिये पेयजल सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। मिशन के जरिये प्रदेश की ग्रामीण आबादी, खासकर आधी आबादी (महिला वर्ग) को पानी के लिये होने वाली कठिनाइयों से मुक्ति मिल रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम निरंतर जल-प्रदाय योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण अंचल के हर घर तक जल पहुंचाने के काम को अंजाम दिया जा रहा है।

सवा करोड़ आबादी को नल-जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य

मिशन में प्रदेश की करीब सवा करोड़ आबादी को उनके घर पर नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया है। बीते करीब 17 माह में जल-जीवन मिशन में हुए कार्यों के फलस्वरूप प्रदेश के 45 लाख 26 हजार 600 ग्रामीण परिवारों तक पेयजल की सुविधा सुनिश्चित की गई है। प्रदेश के 4016 ग्राम तो ऐसे हैं, जिनके शत-प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन से जल की व्यवस्था की जा चुकी है।

स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्रों में नल से जल

ग्रामीण अंचल में संचालित सभी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों को भी जल-जीवन मिशन में नल कनेक्शन के जरिये जल देना शामिल किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में संचालित 94 हजार 812 स्कूलों में से 68 हजार 831 में और 66 हजार 63 आंगनवाड़ी केंद्रों में से 40 हजार 431 में नल कनेक्शन से जल उपलब्ध करवाया जा चुका है।

जनजातीय बहुल विकासखण्ड प्राथमिकता में

मिशन की गाइडलाइन के अनुसार प्रदेश के जनजातीय बहुल 20 जिलों के 89 विकासखण्ड की ग्रामीण आबादी को नल कनेक्शन के जरिये पेयजल उपलब्ध करवाना प्राथमिकता में है। अब तक जनजातीय बहुल क्षेत्रों में 42 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवारों को जल-जीवन मिशन का लाभ दिया जा चुका है। मिशन में बनाई गई जल-प्रदाय योजनाओं में जहां जल का स्रोत नहीं है, वहां नये जल-स्रोत का निर्माण किया जा रहा है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की समीक्षा

सूचना प्रौद्योगिकी आधारित उद्योग इकाइयों को पुनः प्रोत्साहित करें

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, औद्योगिक विकास के कार्यों को गति प्रदान की जाए। इंदौर-भोपाल के मध्य सोनकच्छ-आष्टा के बीच एयर कार्गो एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। इसे मिशन मोड पर पूरा करने के लिए प्रयास हों। ऐसे प्रयास करें कि इस प्रोजेक्ट के कार्यों को इसी वर्ष आकार मिलना प्रारंभ हो जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष नए निवेश प्रयासों से सात औद्योगिक पार्कों से 50 हजार से अधिक रोज़गार मिलना अनुमानित है। साथ ही रतलाम, देवास, पीथमपुर के नए निवेश क्षेत्रों के साथ ही इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के क्रियान्वयन के फलस्वरूप 20 हजार से अधिक लोगों को रोज़गार प्राप्ति का अनुमान है। सात औद्योगिक पार्कों में प्रस्तावित निवेश 32 हजार 900 करोड़ रुपये रहेगा। रतलाम, देवास, पीथमपुर की संयुक्त लागत लगभग पौने चार हजार करोड़ रुपये होगी।

श्री चौहान ने आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में भारत सरकार से प्राप्त मेडिकल उपकरण पार्क की स्वीकृति के बाद स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फार्मा विभाग भारत सरकार से मिली मंजूरी के बाद यह पार्क विक्रम उद्योगपुरी उज्जैन में विकसित किया जायेगा। इसी तरह होशंगाबाद जिले में मोहासा बावई औद्योगिक क्षेत्र में बल्क ड्रग पार्क की स्थापना के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में भविष्य की यातायात जरूरतों के लिए हब एंड स्पोक एयरपोर्ट मॉडल के रूप में विकसित करने की संभावनाओं का दोहन करने के निर्देश दिए। उड़ानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए करीब 10 हजार हेक्टेयर में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट प्रस्तावित है। 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना में 6 जिलों के उत्पाद ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर बेचे जाने लगे हैं। इन उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेचने और प्रदेश के अन्य मुख्य उत्पादों के निर्यात के लिए भी प्रयास किए जाएं।

श्री चौहान ने कहा कि वर्ष 2022 के प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स में भोपाल में बैरसिया के औद्योगिक पार्क एवं आई.टी. पार्क, सीहोर जिले में आष्टा (झिलेला) के औद्योगिक पार्क और इंदौर के निकट धार में औद्योगिक (तिलगारा) पार्क, रतलाम में मेगा औद्योगिक पार्क, नरसिंहपुर औद्योगिक पार्क, इंदौर आई.टी. पार्क-3 शामिल हैं। इनकी संयुक्त परियोजना लागत 1414 करोड़ रुपये है। परियोजना से करीब 52 हजार 450 लोगों को रोज़गार मिलने की भी संभावना है।

ड्रोन तकनीक का उपयोग बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ करें – मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा करते हुये कहा कि मध्यप्रदेश में ड्रोन तकनीक का उपयोग प्रारंभ हुआ है, जो अनेक क्षेत्रों में उपयोगी है। इसके व्यवस्थित प्रशिक्षण के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद कार्यक्रम तैयार करें। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बेस्ट प्रेक्टिसेस अपनाई जायें। सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग को बढ़ावा देते हुए प्रशासन में जवाबदेही के लिए आईटी निवेश नीति 2022 के ठोस क्रियान्वयन पर फोकस किया जाए। सिंगल सिटीजन डाटाबेस में विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं को एकीकृत करने के कार्य पूर्ण किए जाएं, जिससे अधिकाधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में लोक सेवाओं के आवश्यक दस्तावेजों का डिजिटल सत्यापन, इन्टेलिजेंट चैट बोट के माध्यम से सेवा प्रदाय के लिए निर्णय लेने की प्रणाली विकसित करने और नवीन प्रौद्योगिकी जैसे ड्रोन/मशीन लर्निंग, ब्लॉक चेन/क्लाउड चेन के यूज केसेस विकसित करने के कार्यों में भी शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की जाए।

नर्मदा सिंचाई परियोजनाओं से बढ़ेगी छह लाख हेक्टेयर में सिंचाई

भोपाल, मध्यप्रदेश में नर्मदा जल के अधिकतम उपयोग के लिए पूर्ण योजनाओं का पूरा लाभ लिया जाए। निर्माणाधीन योजनाओं के कार्य की गति बढ़ाई जाए। विभाग के अधिकारी परियोजना क्षेत्रों का नियमित भ्रमण कर कार्यों की जानकारी प्राप्त करें। संचालित कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने का ध्येय सामने रखकर कार्य सम्पन्न किया जाए। यदि किसी परियोजना के क्रियान्वयन में देर होती है और उसका सार्थक कारण नहीं है तो संबंधित एजेंसी और अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नर्मदा घाटी विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020-21 में पांच परियोजनाओं नर्मदा-मालवा गंभीर, उज्जैन-देवास-उज्जैन पाइप लाइन योजना, अपर बेदा दाईं तट नहर, हरसूद माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना और ओंकारेश्वर नहर चरण-4 के कार्य पूरे कर लिए गए हैं। अगले तीन साल में छह लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई क्षमता सृजित करने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त बजट नर्मदा घाटी विकास विभाग को प्राप्त होगा। इससे समयावधि में हम अपने कार्य पूर्ण कर सकेंगे। यह सुनिश्चित किया जाए कि गुणवत्ता के साथ सभी प्रोजेक्ट्स का क्रियान्वयन समय पर हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जो सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, उनका पूरा उपयोग हो और किसानों में उसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये जिससे वे जल का भरपूर उपयोग कर सकें। श्री चौहान ने कहा कि मैदानी दौरों की जानकारी से मुख्यमंत्री कार्यालय को भी अवगत कराया जाए।

चालू वर्ष में पूर्ण होंगी 11 परियोजनाएं

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2022 में जो 11 परियोजनाएं पूर्ण होंगी, इनसे खण्डवा, इंदौर, खरगोन, कटनी, सीहोर, बड़वानी और जबलपुर में एक लाख 62 हजार 195 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई संभव होगी। ये कार्य करीब तीन हजार करोड़ रुपये की लागत से किए जा रहे हैं। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश में सिंचाई शुल्क की वसूली के लिए मैप आईटी के साथ मोबाइल एप विकसित किया जा रहा है।

निर्धन तबके के मछुआरों के कल्याण के लिए प्रयास बढ़ाएं

भोपाल, मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की विशेष पहचान बन सकती है। मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग गरीब तबके के मछुआरों के कल्याण के लिए योजनाओं को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्यों के साथ पूरा करे। मध्यप्रदेश की नदियों में विद्यमान मत्स्य संपदा के मछुआरों के हित में झींगा उत्पादन की संभावनाओं और उन्नत प्रजातियों के माध्यम से मत्स्य पालन गतिविधियों को बढ़ावा देने का कार्य किया जाए। भारत सरकार द्वारा निजी क्षेत्र में मत्स्य बीज उत्पादन के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है। इन योजनाओं का प्रदेश पूरा लाभ उठाए, इस दिशा में प्रयास बढ़ाए जाएं। शीघ्र ही प्रदेश स्तरीय मछुआ सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

ग्रामीण क्षेत्रों में मत्स्य संपदा पर पहला अधिकार गरीब मछुआरों का

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जलाशयों में उपलब्ध मत्स्य संपदा के व्यवसायिक उपयोग पर पहला अधिकार गरीब मछुआरों का है। कहीं-कहीं प्रभावशाली व्यक्ति जलाशयों पर कब्जा करने का प्रयास करते हैं। इसे पूरी तरह नियंत्रित करते हुए मछुआरों के हित में योजनाओं का संचालन हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलाशयों को चिन्हित कर श्रंखला निर्मित करने का कार्य किया जाए। मछुआ नीति में आवश्यक संशोधन कर नवीन रणनीति के अनुरूप मत्स्य पालकों के कल्याण का कार्य हो। मछली पालन सीधे-सीधे गरीबों के रोज़गार से जुड़ा कार्य है।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

आनंद विभाग के गठन की मंजूरी, अध्यात्म विभाग का नाम परिवर्तित

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 'आनंद विभाग' का गठन एवं 'अध्यात्म विभाग' का नाम परिवर्तित कर 'धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग' करने के लिये कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन करने का अनुमोदन किया। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं-

- मंत्रिपरिषद ने स्ट्रेंथिंग टीचिंग-लर्निंग एंड रिजल्ट्स फॉर स्टेट्स (स्टार्स) कार्यक्रम के क्रियान्वयन की सैद्धांतिक स्वीकृति दी। स्टार्स भारत शासन का कार्यक्रम है, जिसे 6 राज्यों- मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान और केरल में स्वीकृत किया गया है।
- स्टार्स कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता और शासन-विधि (गवर्नेंस) का सुधार है।
- स्टार्स परियोजना में ऐसी गतिविधियां तथा नवाचार प्रस्तावित हैं, जो समग्र शिक्षा अभियान में प्रावधानित नहीं किये जा सकते हैं।
- स्टार्स परियोजना में सबके लिये शिक्षा, समग्र शिक्षा अभियान, सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, सम्पूर्ण विद्यालय दृष्टिकोण (होल स्कूल अप्रोच) रहेंगे।
- मंत्रिपरिषद ने मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी में अमरकंटक ताप विद्युत गृह, चचाई में 1x660 मेगावॉट क्षमता की सुपर क्रिटिकल तकनीक आधारित ताप विद्युत विस्तार इकाई, जिसका क्रियान्वयन मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड एवं कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी एसईसीएल के मध्य गठित संयुक्त उपक्रम द्वारा किया जाना प्रस्तावित है, के लिये नीतिगत स्वीकृति दी।
- प्रस्तावित परियोजना की अनुमानित लागत 4665 करोड़ 87 लाख रुपये है। परियोजना के लिये राज्य शासन द्वारा 15 प्रतिशत राशि अंशपूंजी के माध्यम से दी जाएगी।
- मंत्रिपरिषद ने संचालनालय नगर तथा ग्राम निवेश के नये सेटअप में कार्यालयों के विस्तार/पुनर्गठन के लिये कुल 941 पद (नियमित 693, संविदा-201, आउटसोर्स 47) एवं 140 प्रतिनियुक्ति के पद, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के 5 पद तथा इसके अतिरिक्त प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट की स्थापना, 25 इन्टर्न्स को रखने का अनुमोदन तथा 13 करोड़ 45 लाख रुपये के वार्षिक व्यय की स्वीकृति दी गई।
- संचालनालय के सेटअप में सहायक संचालक स्तर के 5 नये जिला कार्यालय (मुरैना, टीकमगढ़, धार, बालाघाट, सीहोर) स्वीकृत किये गये हैं। सहायक संचालक, जिला कार्यालय कटनी का उन्नयन उप संचालक स्तरीय कार्यालय में किया गया है। इससे इन जिलों में जन-सामान्य को सुविधा होगी और विकास कार्यों को भी गति मिलेगी।
- मंत्रिपरिषद ने राज्य शासन में राज्य एजेंसियों की हानि की प्रतिपूर्ति करने तथा कृषकों की उपज नियमित रूप से समर्थन मूल्य पर क्रय हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए दो योजना (मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन को खाद्यान्न उपार्जन में हुई हानि की प्रतिपूर्ति तथा मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ को खाद्यान्न उपार्जन में हुई हानि की प्रतिपूर्ति) के स्थान पर वर्ष 2020-21 से नवीन योजना मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता योजना लागू करने का निर्णय लिया।
- योजना में उपार्जन कार्य में संलग्न राज्य की विभिन्न एजेंसियों की हानि तथा प्रतिपूर्ति के संबंध में मापदण्ड नियत करने के लिये कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में समिति गठित होगी। इसमें खाद्य, सहकारिता, कृषि, पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं वित्त विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।
- मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में पशुपालन एवं डेयरी विभाग में भारत सरकार की नवीन राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना का क्रियान्वयन करने का निर्णय लिया। योजना का उद्देश्य मुख्यतः पशु नस्ल विकास, रोज़गार सृजन, पशुओं की उत्पादकता बढ़ाना और अनुसंधान कर मैदानी स्तर पर लाना तथा उद्यमिता विकास करना है।
- राष्ट्रीय पशुधन मिशन में उक्त गतिविधियों को शामिल कर तीन उप मिशन बनाए गए हैं। पहला पशुधन एवं कुक्कुट के नस्ल विकास पर उप मिशन, दूसरा चरी-चारा विकास उप मिशन और तीसरा इनोवेशन तथा विस्तार उप मिशन है।
- राष्ट्रीय पशुधन मिशन के क्रियान्वयन से राज्य में पशुओं की नस्ल में सुधार होगा। पशुओं की उत्पादकता में वृद्धि होगी।
- नवीन तकनीक विकसित होकर जमीनी स्तर पर पहुंचेगी। इससे पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी।
- मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में कैंसर मरीजों को सुगम उपचार उपलब्ध कराने के लिये चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल, इंदौर तथा रीवा में लीनियर एक्सीलेटर उपकरण का क्रय, संधारण एवं संचालन पी.पी.पी. योजना में करने के लिये निविदा प्रपत्रों का अनुमोदन किया।
- निविदा के प्री.विड. कॉन्फ्रेंस में प्राप्त सुझावों के अनुसार परिवर्तन करने के लिये चिकित्सा शिक्षा विभाग को अधिकार दिये गये।
- मंत्रिपरिषद ने वाणिज्यिक कर विभाग की वार्ड नंबर 22 अम्बेडकर चौक जिला बालाघाट स्थित परिसम्पत्ति, परिवहन विभाग की जिला राजगढ़ स्थित ब्यावरा बस डिपो परिसम्पत्ति, मध्यप्रदेश सड़क परिवहन विभाग की मुरैना शहरी क्षेत्र के मुख्य मार्ग वार्ड क्रमांक 13 डॉ. राम मनोहर लोहिया वार्ड ग्राम जौरा खुर्द, जिला मुरैना, मुरैना बस डिपो एवं बस स्टैंड की ब्लॉक-ए' भूमि परिसम्पत्ति तथा कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग की भारत कॉलोनी न्यू मदन महल वार्ड नंबर 15 जबलपुर, स्थित भूमि पुराना इंडस्ट्रीयल शेड, कार्यालय भवन एवं गोदाम परिसम्पत्तियों के निर्वर्तन के लिये आमंत्रित निविदा में H-1 निविदाकार को उच्चतम निविदा बोली मूल्य पर देने का अनुमोदन एवं निविदाकार द्वारा निविदा बोली मूल्य का 100 प्रतिशत जमा करने के बाद परिसम्पत्ति के निर्वर्तन के लिये अनुमोदन दिया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा

सभी शहरों की सड़कें बेहतर रहें, यह हमारी पहली प्राथमिकता - मुख्यमंत्री

भोपाल, शहर की सड़कें प्रदेश की छवि का आईना होती हैं। किसी भी शहर की सड़क खराब नहीं दिखनी चाहिये। यह हमारी पहली प्राथमिकता है कि सभी शहरों की सड़के बेहतर रहें। शहर के विकास की प्रोग्रेसिव एप्रोच अपनायें। दीनदयाल रसोई योजना के संबंध में पब्लिक का फीडबैक लें। अन्य राज्यों में संचालित भोजनालय के संचालन की भी जानकारी लें। दीनदयाल अंत्योदय समितियों को भी इनसे जोड़ा जा सकता है। मोबाइल रसोई योजना के संबंध में भी प्रस्ताव बनायें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

स्वच्छता में प्रदेश को बनायें नम्बर-वन

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रदेश को नम्बर-वन में लाने के लिये कार्य करें। इस अभियान में जनता और जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ें। नर्मदा किनारे बसे शहरों में जारी सीवरेज प्रोजेक्ट का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। अमरकंटक सहित सभी शहरों में जहां सीवरेज प्रोजेक्ट पूरा हो गया है, वहां पर सभी घरों का सीवरेज कनेक्शन अनिवार्य रूप से जोड़ें। उन्होंने कहा कि सीवरेज सिस्टम और पेयजल लाइन के कारण खराब होने वाली सड़कों की मरम्मत की शर्तें टेण्डर में ही जोड़ें और उसका पालन भी सुनिश्चित करें। नगरीय विकास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन-2 के लिये डीपीआर बनाकर केंद्र से स्वीकृति प्राप्त की जाएगी।

15 अगस्त, 2023 तक
मेट्रो शुरू करने का लक्ष्य बनायें

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो रेल परियोजना के प्राथमिकता कॉरीडोर के संचालन के लिये 15 अगस्त, 2023 तक का लक्ष्य बनायें। बैठक में बताया गया कि प्राथमिकता कॉरीडोर के संचालन के लिये आवश्यक कार्यों की निविदा जारी हो चुकी है। श्री चौहान ने कहा कि इंदौर से उज्जैन और पीथमपुर के लिये भी मेट्रो ट्रेन के सर्वे की कार्यवाही होनी चाहिये।

निकायों के लिये आय के साधन ढूंढें

श्री चौहान ने कहा कि नगरीय निकायों की आय बढ़ाने के लिये साधन ढूंढें। हर शहर में मैरिज गार्डन का निर्धारित शुल्क के साथ रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें। कम्पाउंडिंग में दी गई 30 प्रतिशत तक की छूट के बाद इसे प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करें। नियमों के पालन में ढिलाई नहीं बरतें। नगरीय विकास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि लैण्ड यूज चेंज करने की प्रक्रिया सरल होनी चाहिये।

बैकलॉग के सभी पदों पर भर्ती प्रक्रिया आरंभ की जाए

भोपाल, अधिकारी-कर्मचारियों की टालने, फाइल लटकाने और आलस भरी मानसिकता बदलने की जरूरत है। कर्मचारियों में नैतिक उन्नयन के साथ ही कौशल उन्नयन और सेल्फ लर्निंग की प्रवृत्ति विकसित करना आवश्यक है। इसके लिए आनंद मंत्रालय के अल्पविराम कार्यक्रम के साथ अधिकारी-कर्मचारियों के प्रशिक्षण के साथ प्रेरणास्पद गतिविधियां संचालित की जाएंगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में सामान्य प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कर्मचारी आयोग का गठन तत्काल किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रिक्त पदों पर भर्ती शासन के व्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक है। अतः रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया प्रतिवर्ष संचालित हो। श्री चौहान ने कहा कि बैकलॉग के जितने भी पद हैं उन पर भर्ती की प्रक्रिया आरंभ की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय जांच की अधिकतम समय-सीमा तय की जाए। विभागीय जांचों में हो रहे विलंब को रोकने के लिए आईटी का उपयोग किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मंत्रालय में कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए निरीक्षण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है। मंत्री सहित अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव स्तर के अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों का आवश्यक रूप से निरीक्षण करें। साथ ही राज्य स्तर के वरिष्ठ अधिकारी भी जिलों और विकासखंड का दौरा करें। श्री चौहान ने कहा कि जिलों में पदस्थ अधिकारियों द्वारा किए जा रहे दौरों की राज्य स्तर से मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए। जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा किए जा रहे दौरों का रिकॉर्ड निश्चित समय-सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग को प्राप्त हो और उनका ऑनलाइन सुपरविजन हो, यह व्यवस्था सुनिश्चित करना आवश्यक है। दौरा डायरी के डिजिटल स्वरूप का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

मध्यप्रदेश में शरबती गेहूं का रकबा बढ़ायें - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसान-कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की समीक्षा करते हुये कहा है कि शरबती गेहूं मध्यप्रदेश की पहचान है। इसका क्षेत्र बढ़ाने के प्रयास हों। मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं को प्राथमिकता के साथ शुरू करायें।

मुख्यमंत्री ने भण्डारण प्र-संस्करण बुनियादी ढांचा विकास के लिए बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। कस्टम, हायरिंग सेंटर में हम देश में नम्बर वन हैं। इनका संचालन ठीक ढंग से हो। श्री चौहान ने वर्ष 2022 के विभागीय विजन की जानकारी ली। उन्होंने फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा देने, जैविक एवं प्राकृतिक खेती और मोटे अनाज को बढ़ावा, कृषि निर्यात को बढ़ावा और कृषि में आधुनिक तकनीकी का उपयोग करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि निर्यात के लिए मिशन मोड में जुट जायें। रोडमैप बनाकर कार्य करें। नरवाई जलाने की घटनाओं को प्रदेश में कम किया गया है। ऐसी घटनाओं को पूरी तरह नियंत्रित करें। श्री चौहान ने कहा कि 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना में बेहतर कार्य करें। कृषि के क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा दें। फसल उत्पादन का आकलन और गुणवत्ता का पता लगाने के लिए कार्य करें। प्रदेश में खाद की कोई कमी नहीं हो। अगले साल के लिए भी अभी से प्लान कर लें। मांग आधारित कृषि को बढ़ावा दें।

पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों को मिलें बेहतर सुविधायें

भोपाल, मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जायें। हेरिटेज सम्पत्तियों का संरक्षण और उन्हें आकर्षक बनाने के लिए विशेष प्रयास हों। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुये कहीं।

नदी पर्यटन को मिले बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आने वाले पर्यटकों के लिए विविध अनुभवों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। इंदिरा सागर, गांधी सागर एवं मड़ीखेड़ा डैम में जल-क्रीड़ा की सुविधा उपलब्ध कराई जाये। नदियों में क्रूज का संचालन हो। नर्मदा का सुंदर तट है, जहां क्रूज चलाना बहुत ही सफल हो सकता है। छोटे-छोटे क्रूज अधिक संख्या में चलाने के प्रयास हों।

ध्यान कुटीर और होम स्टे बनें

मुख्यमंत्री ने कहा कि सांची में बुद्धिस्ट थीम पार्क, समस्त जंगल इकाइयों में नेचर ट्रेल की शुरुआत हुई है, जो सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि अमरकंटक जैसे विभिन्न स्थलों में लोगों को शांति प्रदान करने के उद्देश्य से ध्यान कुटीर को बढ़ावा दें। ग्रामीण पर्यटन के लिए गांवों में होम-स्टे विकसित किये जायें। प्रारंभिक तौर पर प्रदेश में 100 गांव में होम-स्टे विकसित करने का लक्ष्य है।

हिन्दुस्तान का दिल देखो जैसे विज्ञापन करें तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार करने के लिए 'हिन्दुस्तान का दिल देखो' जैसे विज्ञापन तैयार किये जायें।

मध्यप्रदेश से खूबसूरत मुझे कुछ नहीं लगता

श्री चौहान ने कहा कि पर्यटन एवं आतिथ्य के क्षेत्र में युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोज़गार उपलब्ध करायें। महाकाल, इंदौर और ओंकारेश्वर को मिलाकर ओंकार सर्किट तैयार करें। दोनों ज्योतिर्लिंग देखने की इच्छा लोगों को रहती है। महाकाल मंदिर सहित अन्य स्थानों पर बनने वाले प्रोजेक्ट का प्रचार-प्रसार हो। बांधवगढ़ एवं मांडू उत्सव में हॉट एयर बलून गतिविधि प्रारंभ की है, जिसे और आगे बढ़ायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश से खूबसूरत मुझे कुछ नहीं लगता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निजी निवेश के माध्यम से पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना के प्रयास करें। जिला स्पेशिफिक टूरिज़्म की योजनाएं बनें। धार और खंडवा जिले में और क्या हो सकता है, इस पर विचार करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

जाह्नवी डांगेती

स्पेस प्रोग्राम पूरा करने वाली पहली भारतीय बनीं

आंध्रप्रदेश की जाह्नवी डांगेती ने नासा का स्पेस प्रोग्राम

पूरा कर लिया है। वे ऐसा करने वाली पहली भारतीय बन गयी हैं। जाह्नवी पश्चिमी गोदावरी के पलाकोल्लु की रहने वाली इंजीनियरिंग की छात्रा हैं। उन्होंने नासा लॉन्च ऑपरेशन के कैनेडी स्पेस सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय वायु और अंतरिक्ष कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वे कल्पना चावला की तरह अंतरिक्ष यात्री बनना चाहती हैं।

इंग्लैंड में

पाइल आइलैंड को नये किंग की तलाश

लंदन के नजदीक 50 एकड़ में फैले पाइल आइलैंड को

नये राजा की तलाश है। स्टीव चैटवे ने 13 साल तक राज करने के बाद मार्च में पद छोड़ दिया था, तब से सिंहासन खाली पड़ा है। नये किंग को द्वीप पर बने पब-शिप-इन का संचालन करना होगा और द्वीप की देखभाल करनी होगी। इसके लिये किसी भी देश का इच्छुक नागरिक आवेदन कर अपनी किस्मत आजमा सकता है।

चित्रकार वैन गॉग के

सम्मान में 92 फीट ऊंचा एयर बलून लॉन्च

लॉस एंजिल्स में लेक हॉलीवुड पार्क में प्रसिद्ध चित्रकार

विंसेंट वैन गॉग के सम्मान में उनके पोट्रेट वाला 92 फीट ऊंचा हॉट एयर बलून लॉन्च किया गया। 20वीं शताब्दी के प्रसिद्ध चित्रकार नीदरलैंड के वैन गॉग के चित्रों की इम्पैक्ट म्यूजियम में प्रदर्शनी लगाई है। इम्पैक्ट म्यूजियम के सह-निर्माता वीटो इया के अनुसार अब तक 40 लाख से अधिक इस प्रदर्शनी को देख चुके हैं। दरअसल वैन गॉग के जिंदा रहते उन्हें कोई सम्मान नहीं मिला था। उनको सम्मान देने यह हॉट एयर बैलून बनाया गया है।

हार्बिन आइस-स्नो वर्ल्ड

पर्यटकों को लुभा रही 'बर्फ की सिटी'

चीन के हेइलोंगजियांग प्रांत में हार्बिन आइस-स्नो वर्ल्ड

पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। इस वर्ष की थीम 'द लाइट ऑफ द विंटर ओलंपिक शाइन इन द वर्ल्ड' है। यहां बर्फ के खूबसूरत महल, मूर्तियां कई अन्य कलाकृतियों का निर्माण किया गया है। 2022 शीतकालीन ओलिंपिक को प्रमोट करने वाला 42 मीटर लंबा टॉवर 20,000 क्यूबिक मीटर बर्फ से बनाया गया है। इसे स्नो सिटी (बर्फ की सिटी) नाम दिया गया है।

आईएनएस खुखरी

नौसेना से हुआ रिटायर

नौसेना की 32 साल की सेवा के दौरान दुनिया की 30 वार परिक्रमा जितनी दूरी तय कर चुका आईएनएस

खुखरी सेवामुक्त हो गया है। यह पहला स्वदेशी निर्मित मिसाइल कार्वेट जहाज था। इस जहाज की कमान 28 कमांडिंग अफसरों ने संभाली और 6,44,897 समुद्री मील से अधिक दूरी तय की है। यह जहाज भारतीय सेना के गोरखा ब्रिगेड से जुड़ा हुआ था। जहाज का सेवामुक्त समारोह आंध्रप्रदेश के विशाखापटनम् में आयोजित किया गया।

टेस्ट द टीवी

जापान में बनी स्वाद चखने वाली टीवी

टेलीविजन पर कुकिंग शो देखकर मुंह में पानी आ जाता

है, तो सभी के लिए खुशखबरी जापान ने दी है। अब टेलीविजन पर दिख रहे भोजन को चखा जा सकता है। जापान में विकसित 'टेस्ट द टीवी' की स्क्रीन पर जीभ लगाकर उसमें दिख रही डिश का स्वाद ले सकते हैं। इसका आविष्कार होमेई मियाशिता नाम के प्रोफेसर ने किया है। इसके भीतर 10 प्रकार के स्वादों से भरे बॉक्स बनाये गये हैं। इस पर कोई डिश नजर आती है, तो स्क्रीन के ऊपर संवेधित स्वाद की लेयर बन जाती है, इस लेयर को जीभ से चखा जा सकता है।

नारंद्रन 'जोडी' कोल्लापन

भारतवंशी सर्वोच्च न्यायिक पीठ में शामिल

भारतीय मूल के नारंद्रन 'जोडी' कोल्लापन को दक्षिण

अफ्रीका की सर्वोच्च न्यायिक पीठ संवैधानिक अदालत में नियुक्त किया गया है। 64 वर्षीय कोल्लापन ने पद ग्रहण कर लिया है। कई दौर के साक्षात्कार के बाद राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने नियुक्ति का आदेश जारी किया था। इस पीठ में दो रिक्तियों के लिए रामफोसा ने इस साल अक्टूबर में कोल्लापन और माथोपो सहित 5 उम्मीदवारों के नाम की सिफारिश की थी।

कैमरन मैके

भारत में कनाडा के नये हाई कमिश्नर

कनाडा ने कैमरन मैके को भारत में अपना नया हाई

कमिश्नर नियुक्त किया है। नादिर पटेल के पद छोड़ने के बाद कैमरन को यह जिम्मेदारी मिली है। कनाडा के विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत में कनाडा के वाणिज्य दूतावासों में भी नई नियुक्तियां की गई हैं। इनमें बेंगलुरु, चंडीगढ़ व मुंबई में नये कांसुलेट जनरल शामिल हैं। कैमरन मैके पहले इंडोनेशिया के राजदूत के तौर पर कार्यरत थे।

इजरायल में

रोमन युगीन 'गुड शेफर्ड' सोने की अंगूठी मिली

इजरायल के शोधकर्ताओं ने रोमन युग की 'गुड शेफर्ड'

सोने की अंगूठी की खोज की है। इसमें यीशु के लिए ईसाई प्रतीक का चिन्ह दिख रहा है। पुरातत्वविदों को यह अंगूठी इजरायल के भूमध्यसागरीय तट से मिली है। अंगूठी पर हरे रंग के रत्न पर कंधे पर भेड़ लिए हुए एक चरवाहे की आकृति उकेरी हुई है। वाइवल के अनुसार यीशु ने खुद को अच्छा चरवाहा बताया था।

स्पेन में

नौवीं शताब्दी का प्राचीन हरक्यूलिस मंदिर मिला

स्पेन के कैडिज की खाड़ी में एक प्राचीन मंदिर मिला है। माना जाता है कि प्रसिद्ध तानाशाह जुलियस सीजर सहित प्राचीन यूनानी और रोमन यहां आये थे। इन लोगों ने भगवान हरक्यूलिस से शक्ति के लिए प्रार्थना की थी। प्राचीन दस्तावेजों में इस मंदिर को नौवीं शताब्दी

ईसा पूर्व का बताया था। इसे हरक्यूलिस गैडिटेनस के मंदिर के रूप में जाना जाता है। दक्षिणी स्पेन में सेविले विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एलआईडीएआर का इस्तेमाल कर इसे खोजा है।

आंग सान सू की

अपदस्थ नेता के खिलाफ सुनवाई स्थगित

म्यांमार की एक अदालत ने देश की अपदस्थ नेता आंग

सान सू की के खिलाफ मामलों की हालिया श्रृंखला में फैसला सुनाने की तिथि को स्थगित कर दिया है। सेना ने सू की को फरवरी, 2021 में सत्ता से बेदखल और उनकी निर्वाचित सरकार को अपदस्थ कर दिया। नेपीता की एक अदालत ने जिस मामले में फैसला सुनाने की तिथि स्थगित की है, वह 1 फरवरी 2021 के बाद सू की के खिलाफ चलाए गए कई मामलों में से एक है।

एलन मस्क

रिकॉर्ड टैक्स भरेंगे

दुनिया के सबसे अमीर शख्स और टेस्ला के सीईओ

एलन मस्क इस वर्ष अमेरिका के इतिहास का सबसे ज्यादा टैक्स भरेंगे। मस्क ने ट्वीट कर बताया कि वे इस वर्ष करीब 11 अरब डॉलर (लगभग 85 हजार करोड़ रुपये) का टैक्स देंगे। टैक्स चुकाने के लिए मस्क लगातार टेस्ला के शेयर बेच रहे हैं। शेयर बेचने का निर्णय भी उन्होंने ट्विटर पोल के जरिये लिया था।

चिल्लई कलां

कश्मीर में 40 दिन के लिए शुरू

कश्मीर में चिल्लई कलां (भयानक सर्दी का मौसम) का

आगमन हो गया है। इस बार 21 दिसम्बर से शुरू चिल्लई कलां के 40 दिन पूरे होने के बाद चिल्लई खुर्द और फिर चिल्लई बाचे का मौसम आता है। अभी तक चिल्लई कलां के दौरान 1986 में कश्मीर में तापमान शून्य से 9 डिग्री नीचे गया था, उस समय डल झील दूसरी बार जम गई थी। इस दौरान वादी में मौसम खराब रहता है और लगातार बर्फबारी होती रहती है।

उजरा जेया

भारतवंशी तिब्बत के लिए विशेष संयोजक बनीं

अमेरिका ने तिब्बत के मुद्दों के लिए भारतीय मूल की

राजनयिक उजरा जेया को विशेष संयोजक नियुक्त किया है। वे नागरिक सुरक्षा, लोकतंत्र व मानवाधिकारों की अवर सचिव भी हैं। नई दिल्ली में नियुक्त रहीं उजरा ने वर्ष 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के खिलाफ विदेश सेवा से इस्तीफा दे दिया था। उजरा दो देशों के बीच सौहार्द्र बनाए रखने की विशेषज्ञ मानी जाती हैं।

हुआंग वेई

चीन की इंटरनेट सेलिब्रिटी पर टैक्स चोरी का आरोप

चीन की इंटरनेट सेलिब्रिटी हुआंग वेई पर 160

मिलियन पाउंड (करीब 1500 करोड़ रुपये) का जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना व्यक्तिगत आय, टैक्स और अन्य अपराधों को छिपाने के लिए लगाया गया है। 36 वर्षीय हुआंग वेई को चीन में लाइव-स्ट्रीमिंग क्वीन माना जाता है। उनके प्रशंसकों के लिए यह शॉकिंग न्यूज है।

अलास्का

शहर में भूकंप के तीव्र झटके महसूस

अमेरिका के अलास्का में समुद्र तट से नजदीक स्थित



क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गये हैं। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6 बताई गई है। यूएस-जीएस के अनुसार भूकंप का केंद्र अलास्का के पोर्ट एल्सवर्थ शहर से 61 किलोमीटर पूर्व में 152,6 किलोमीटर की गहराई पर था।

हांगकांग यूनिवर्सिटी से

तियानमेन स्मारक हटाया गया

हांगकांग यूनिवर्सिटी परिसर से तियानमेन हत्याकांड के

प्रतीक एक स्मारक को हटा दिया गया। तीन दशक पहले तियानमेन चौक पर लोकतंत्र समर्थकों के खिलाफ हुई कार्रवाई में सैकड़ों लोगों की जान चली गई थी। दो टन भारी और करीब 26 फुट ऊंची तांबे की मूर्ति को हांगकांग यूनिवर्सिटी परिसर से हटा दिया गया। पिलर ऑफ शेम नामक यह स्मारक डेनिश शिल्पकार येन्स गालशिओट ने बनाया था। यह उन छात्रों की याद में बनाया गया था जो जून 1989 में तियानमेन चौक पर चीन की सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के दौरान सेना की कार्रवाई में मारे गये थे।

यूसाकु मीजावा

बारह दिनों की अंतरिक्ष यात्रा पूरी कर वापस लौटे

जापानी अरबपति यूसाकु मीजावा 12 दिनों की अंतरिक्ष

यात्रा कर पृथ्वी पर वापस लौट आये हैं। वो 2023 में एलन मस्क के स्पेस एक्स यान में चांद का एक चक्कर लगाने जा सकते हैं। 46 साल के मीजावा फैशन की दुनिया के बड़े उद्योगपति और कलाकृतियों के संग्रह के शौकीन हैं। उन्होंने आठ दिसम्बर को कजाखस्तान के बैकोनूर कॉस्मोड्रोम से अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी थी। इस उड़ान में उनके साथ योजो हिरानो और रूसी अंतरिक्ष यात्री एलेक्जेंडर मिसुर्किन थे। ये तीनों 20 दिसम्बर को कजाख स्टेप्पीस पर उतरे थे। उन्होंने यह यात्रा एक सोयूज यान में की और इसी के साथ मीजावा एक दशक से भी ज्यादा की अवधि में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले पहले पर्यटक बने।

जी. अशोक कुमार

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक बने

जल शक्ति मंत्रालय के अपर सचिव श्री जी. अशोक

कुमार राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के महानिदेशक बनाये गये हैं। श्री कुमार भारतीय प्रशासनिक सेवा के तेलंगाना कैडर के 1991 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन में निदेशक (परियोजना) के रूप में कार्य किया है।

स्मृति शेष

दक्षिण अफ्रीका के गांधीवादी आर्क बिशप टूटू का निधन

दक्षिण अफ्रीका के गांधीवादी आर्क बिशप डेसमंड

टूटू का निधन 90 वर्ष की उम्र में हो गया। टूटू लंबे समय से बीमार थे। टूटू को दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के खिलाफ लड़ाई में योगदान के लिए जाना जाता है। उन्हें 1984 में शांति का नोबेल और भारत में गांधी शांति पुरस्कार दिया गया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

भीड़-भाड़ से रहेंगे दूर, कोरोना भागने को हो जायेगा मजबूर।

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर
राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2019
लिखित परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्र. 8657/18/2021/अनु.-10 **इंदौर, दिनांक : 31.12.2021**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित, विज्ञापन क्र.-03/2019/14.11.2019, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि-09.12.2019, (1) शुद्धि पत्र क्र.-01/03/2019 दिनांक 18.11.2019 (परीक्षा शुल्क के संबंध में), (2) शुद्धि पत्र क्र.-02/03/2019 दिनांक 19.11.2019 (नवीन पद संयोजन के संबंध में), (3) शुद्धि पत्र क्र.-03/03/2019 दिनांक 05.11.2019 (नवीन पद संयोजन/पद संशोधन के संबंध में), (4) शुद्धि पत्र क्रमांक-04/03/2019 दिनांक 09.12.2019 (अधिकतम आयु सीमा एवं ऑनलाइन आवेदन अवधि में वृद्धि की सूचना के संबंध में), (5) शुद्धि पत्र क्रमांक-05/03/2019 दिनांक 12.12.2019 (नवीन पद संयोजन के संबंध में), (6) शुद्धि पत्र क्रमांक-06/03-04/2019, दिनांक 02.01.2020 (प्रवेश-पत्र उपलब्धता अवधि में परिवर्तन की सूचना के संबंध में), (7) शुद्धि पत्र क्रमांक-07/03/2019, दिनांक 28.01.2020 (रिक्तियों की संख्या के संशोधन की सूचना के संबंध में) (8) शुद्धि पत्र क्रमांक-08/03/2019, दिनांक 17.12.2020 (रिक्तियों की संख्या में संशोधन एवं वर्दीधारी पदों हेतु आयु सीमा के निर्धारण की सूचना) के अंतर्गत कुल-571 पदों हेतु राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2019, परीक्षा दिनांक 21.03.2021 से 26.03.2021 तक मध्यप्रदेश के 08 जिला मुख्यालयों स्थित कुल-29 उप-केन्द्रों पर सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्न पत्र से सामान्य अध्ययन पंचम प्रश्न पत्र प्रातः 10:00 से 01:00 बजे तक एवं सामान्य अध्ययन षष्ठ प्रश्न पत्र प्रातः 10:00 से 01:00 बजे तक एक सत्र में आयोजित की गई थी।

02. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की श्रेणीवार कुल संख्या निम्नानुसार है :-

श्रेणी	कुल विज्ञापित पद	भूतपूर्व सैनिक	दिव्यांगजन
अनारक्षित (UR)	137	11	दृष्टिबाधित (VH)-8
अनुसूचित जाति (SC)	79	2	श्रवणबाधित (HH)-7
अनुसूचित जनजाति (ST)	102	3	अस्थिबाधित (OH)-7
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	196	5	बहुविकलांग (MD)-3
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	57	1	
कुल	**571**	**22**	**कुल-25**

03. सामन्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक-एफ 7/46/2020/आ.प्र./एक दिनांक 15.12.2020 के निर्देशानुसार एवं आयोग की बैठक दिनांक 17.12.2020 के निर्णय क्र.-17 के परिपालन में विभिन्न पदों की प्रारंभिक परीक्षा-2019 के परीक्षा परिणाम में अपनाई गई प्रक्रिया के अनुक्रम में पदों की निर्धारित संख्या निम्नानुसार है :-

श्रेणी	कुल विज्ञापित पद	भूतपूर्व सैनिक	दिव्यांगजन
अनारक्षित (UR)	203	11	दृष्टिबाधित (VH)-8
अनुसूचित जाति (SC)	79	2	श्रवणबाधित (HH)-7
अनुसूचित जनजाति (ST)	102	3	अस्थिबाधित (OH)-7
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	196	5	बहुविकलांग (MD)-3
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	57	1	
कुल	**637**	**22**	**कुल-25**

04. तदानुसार मुख्य परीक्षा में साक्षात्कार हेतु उपरोक्त पदों के 03 गुना + समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल-1918 अभ्यर्थियों की श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है :-

श्रेणी	कुल पद	03 गुना+समान अंक	भूतपूर्व सैनिक	03 गुना+समान अंक	दिव्यांगजन
अनारक्षित (UR)	203	613	11	06	दृष्टिबाधित (VH)-24
अनुसूचित जाति (SC)	79	237	2	01	श्रवणबाधित (HH)-21
अनुसूचित जनजाति (ST)	102	309	3	-	अस्थिबाधित (OH)-21
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	196	588	5	15	बहुविकलांग (MD)-03
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	57	171	1	-	
कुल	**637**	**1918**	**22**	**22**	**कुल-69**

05. राज्य सेवा मुख्या परीक्षा-2019 के प्रावधिक लिखित परीक्षा परिणाम में साक्षात्कार हेतु प्रावधिक रूप से अर्ह पाए गए कुल-1918 आवेदकों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

Madhya Pradesh Public Service Commission
State Service Main Exam 2019
Roll No. Wise List of Candidates Eligible for Interview

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
1	100007	37	100112	73	100243	109	100374	145	100533
2	100008	38	100115	74	100246	110	100380	146	100538
3	100014	39	100122	75	100248	111	100385	147	100539
4	100018	40	100123	76	100249	112	100388	148	100549
5	100024	41	100134	77	100250	113	100391	149	100558
6	100025	42	100135	78	100253	114	100393	150	100563
7	100026	43	100138	79	100258	115	100401	151	100565
8	100027	44	100143	80	100261	116	100405	152	100566
9	100029	45	100147	81	100264	117	100406	153	100568
10	100030	46	100168	82	100285	118	100411	154	100570
11	100033	47	100170	83	100286	119	100412	155	100572
12	100037	48	100173	84	100287	120	100415	156	100577
13	100048	49	100178	85	100288	121	100419	157	100578
14	100051	50	100179	86	100291	122	100422	158	100579
15	100052	51	100180	87	100294	123	100429	159	100581
16	100054	52	100183	88	100297	124	100430	160	100583
17	100060	53	100186	89	100299	125	100433	161	100596
18	100061	54	100188	90	100300	126	100435	162	100600
19	100063	55	100190	91	100308	127	100450	163	100602
20	100066	56	100193	92	100313	128	100451	164	100608
21	100068	57	100195	93	100314	129	100458	165	100609
22	100072	58	100197	94	100328	130	100459	166	100611
23	100073	59	100199	95	100329	131	100464	167	100613
24	100074	60	100206	96	100336	132	100468	168	100618
25	100075	61	100209	97	100340	133	100469	169	100627
26	100076	62	100210	98	100347	134	100472	170	100632
27	100078	63	100212	99	100350	135	100485	171	100633
28	100088	64	100218	100	100354	136	100486	172	100637
विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 2018 में लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन, ग्वालियर को श्रेणी-1 का अर्थात यूजीसी के प्रावधानों के अनुसार उच्च श्रेणी के विश्वविद्यालय में वर्गीकृत किया गया है। इस संस्थान को पहले से ही राष्ट्रीय आकलन और मान्यता परिषद (एनएएसी) के द्वारा ए++ के रूप में मान्यता प्राप्त है और 11वें राष्ट्रीय शिक्षा शिखर सम्मेलन 2017 में और विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित कौशल विकास के लिए दूसरे राष्ट्रीय उच्च शिक्षा शिखर सम्मेलन में 'भारत में शारीरिक शिक्षा का उत्कृष्ट संस्थान' का खिताब प्राप्त है।

दिल्ली ने भी खेल विश्वविद्यालय का विधेयक पारित किया था

2019 (3 अक्टूबर 2019) में दिल्ली मंत्रिमंडल द्वारा दिल्ली में भारत के पहले राजकीय खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिये एक विधेयक को मंजूरी दी गई थी। इस खेल विश्वविद्यालय में अन्य खेलों के साथ-साथ क्रिकेट, फुटबॉल तथा हॉकी में स्नातक, परास्नातक तथा डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की जाएगी। यह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध दिल्ली स्पोर्ट्स स्कूल होगा, जो खेल में छात्रों का भविष्य बनाने के लिए खेल शिक्षा प्रदान करने पर विशेष ध्यान देगा। दिल्ली खेल विश्वविद्यालय का चांसलर उप-राज्यपाल को बनाने की बात कही गई है। 23 जून, 2021 को दिल्ली सरकार ने विश्व प्रसिद्ध भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी को दिल्ली खेल विश्वविद्यालय का प्रथम कुलपति नियुक्त किया है। बता दें कि कर्णम मल्लेश्वरी ओलिंपिक पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी हैं। उन्होंने वर्ष 2000 में सिडनी में आयोजित ओलिंपिक में कांस्य पदक जीता था। उन्हें वर्ष 1994 में अर्जुन अवॉर्ड वर्ष 1995 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार और वर्ष 1999 में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली ने 2014-15 के बजट भाषण में औपचारिक रूप से राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने के प्रस्ताव की घोषणा की थी।
- मणिपुर में राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए लोकसभा में 10 अगस्त, 2017 को राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय विधेयक, 2018 को प्रस्तुत किया गया, जिसे 2018 के मानसून सत्र के दौरान संसद के दोनों सदनों में पारित करवाया गया। राष्ट्रपति से अनुमोदन प्राप्त हो जाने के बाद, राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय अधिनियम, 2018 का प्रकाशन 17 अगस्त, 2018 को भारत के राजपत्र में किया गया।
- देश में अब तक 28 राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के 359 जिलों में 453 खेलो इंडिया केन्द्र अधिसूचित किए गए हैं।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **वर्ष 2021 में आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान हैं?**
(अ) स्टीव स्मिथ (ब) एरॉन फिंच
(स) मिशेल मार्श (द) ग्लेन मैक्सवेल
2. **रोजर फेडरर के टेनिस कॅरियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है?**
(अ) विम्बलडन
(ब) ऑस्ट्रेलियन ओपन
(स) यूएस ओपन
(द) फ्रेंच ओपन
3. **वर्ष 2021 में कौन-सी टीम महिला बिग बैश लीग की चैम्पियन बनी है?**
(अ) सिडनी सिक्सर
(ब) सिडनी थंडर्स
(स) ब्रिस्बेन हीट्स
(द) पर्थ स्कॉचर्स
4. **भारतीय क्रिकेट टीम दक्षिण अफ्रीका दौरे पर कितने मैचों की वन-डे सीरीज खेलेगी?**
(अ) तीन (ब) चार
(स) पांच (द) इनमें से कोई नहीं
5. **वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी ने एटीपी फाइनल्स का खिताब जीता है?**
(अ) राफेल नडाल
(ब) डेनिल मेदवेदेव
(स) नोवाक जोकोविच
(द) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
6. **बीसीसीआई ने इनमें से किसे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी का प्रमुख बनाया है?**
(अ) चेतन शर्मा
(ब) अजीत अगरकर
(स) वीवीएस लक्ष्मण
(द) हरभजन सिंह
7. **तेजिंदर पालसिंह तूर किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?**
(अ) कुश्ती (ब) गोला फेंक
(स) चक्का फेंक (द) भाला फेंक
8. **न्यूजीलैंड के किस बल्लेबाज ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में दोहरा शतक बनाया है?**
(अ) केन विलियमसन
(ब) जिमी नीशम
(स) डेवोन कॉन्वोय
(द) टॉम ब्लंडेल
9. **जर्मनी ने वर्ष 2014 में फीफा वर्ल्डकप के फाइनल में किस देश को हराया था?**
(अ) क्रोएशिया (ब) अर्जेंटीना
(स) ब्राजील (द) फ्रांस
10. **वर्ष 2025 में कौन-सा देश आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा?**
(अ) पाकिस्तान
(ब) आयरलैंड
(स) संयुक्त अरब अमीरात
(द) श्रीलंका
11. **टोक्यो ओलिंपिक-2020 में भारतीय महिला हॉकी टीम किस स्थान पर रही है?**
(अ) पहले (ब) तीसरे
(स) चौथे (द) पांचवें
12. **वर्ष 2020 में ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग की विजेता थीं?**
(अ) नोजोमी ओकुहारा
(ब) ताई जू यिंग
(स) कैरोलिना मारिन
(द) इनमें से कोई नहीं
13. **सविता पूनिया किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) हॉकी (ब) कुश्ती
(स) एथलेटिक्स (द) तलवारबाजी
14. **इनमें से किस खिलाड़ी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में छह गेंदों में छह छक्के नहीं लगाये हैं?**
(अ) युवराज सिंह
(ब) कायरन पोलार्ड
(स) हर्शल गिब्स
(द) गैरी सोबर्स
15. **एम चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम किस शहर में स्थित है?**
(अ) बेंगलुरु (ब) कटक
(स) कोच्चि (द) विशाखापट्टनम
16. **विराट कोहली ने वन-डे क्रिकेट में पहला शतक किस देश के खिलाफ बनाया था?**
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) श्रीलंका
(स) बांग्लादेश (द) दक्षिण अफ्रीका
17. **इनमें से किस महिला खिलाड़ी ने वर्ष 2021 में डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीता है?**
(अ) गरबाइन मुगुरूजा
(ब) सिमोना हालेप
(स) एनेट कोंटावेट
(द) इलिना स्वितोलिना
18. **भारत मार्च 2022 में किस देश के खिलाफ डेविस कप के मुकाबले खेलेगा?**
(अ) स्पेन (ब) सर्विया
(स) कनाडा (द) डेनमार्क
19. **मैक्स वर्स्टापेन ने वर्ष 2021 में कितनी फॉर्मूला-वन रेस जीती है?**
(अ) 08 (ब) 09
(स) 10 (द) 12
20. **इनमें से कौन-सा खेल पहली बार टोक्यो ओलिंपिक में शामिल किया गया है?**
(अ) रोइंग (ब) सर्फिंग
(स) सेलिंग (द) ट्रायथलॉन
21. **वर्ष 2023 में एफआईएच हॉकी वर्ल्डकप किस देश में आयोजित किया जायेगा?**
(अ) भारत (ब) बेल्जियम
(स) जर्मनी (द) द. कोरिया
22. **वर्ष 2018 में किस भारतीय को आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया था?**
(अ) मिताली राज
(ब) झूलन गोस्वामी
(स) हरमनप्रीत कौर
(द) स्मृति मंधाना
23. **वर्ष 2020 में किस महिला खिलाड़ी ने डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीता था?**
(अ) ताई जू यिंग
(ब) कैरोलिना मारिन
(स) नोजोमी ओकुहारा
(द) साइना नेहवाल
24. **मध्यप्रदेश की पूजा वस्त्रकार किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
(अ) क्रिकेट (ब) तैराकी
(स) निशानेबाजी (द) कबड्डी
25. **वर्ष 2022 में किस ग्रांप्री को पहली बार फॉर्मूला-वन कैलेंडर में जगह मिली है?**
(अ) आबुधाबी ग्रांप्री
(ब) मियामी ग्रांप्री
(स) रशियन ग्रांप्री
(द) बेल्जियन ग्रांप्री

उत्तर

1. (ब), 2. (अ), 3. (द), 4. (अ), 5. (द), 6. (स), 7. (ब), 8. (स), 9. (ब), 10. (अ), 11. (स), 12. (ब), 13. (अ), 14. (द), 15. (अ), 16. (ब), 17. (अ), 18. (द), 19. (स), 20. (ब), 21. (अ), 22. (द), 23. (स), 24. (अ), 25. (ब)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

इतिहास

1. निम्न में से किसका निर्माण अकबर ने नहीं करवाया था?
A. दिल्ली का लाल किला
B. आगरा का किला
C. इलाहाबाद का किला
D. लाहौर का किला
Ans. A

2. सबसे पुराना वेद कौन-सा है?
A. यजुर्वेद B. ऋग्वेद
C. सामवेद D. अथर्ववेद
Ans. B

3. गुर्जर प्रतिहार शासकों में से किसकी उपाधि आदिवराह थी?
A. वत्सराज B. नागभट्ट
C. मिहिर भोज D. नागभट्ट दितीय
Ans. C

4. सर्वप्रथम लोक निर्माण विभाग की स्थापना की थी?
A. इल्तुतमिश ने
B. बलवन ने
C. अलाउद्दीन खिलजी ने
D. फिरोजशाह तुगलक ने
Ans. D

5. शाहनामा का लेखक फरिश्ता किसके दरबार से सम्बन्धित था?
A. सुबुक्तगीन
B. महमूद गजनवी
C. मोहम्मद गोरी
D. अलप्तगीन
Ans. B

6. कृष्णदेव राय के दरबार में अष्ट दिग्गज कौन थे?
A. आठ मंत्री
B. आठ तेलगू कवि
C. आठ महान सेनापति
D. आठ परामर्शदाता
Ans. B

7. अमीर खुसरो का जन्म कहां हुआ था?
A. आगरा में B. बाराबंकी में
C. एटा में D. इटावा में
Ans. C

8. निम्न में से किस शासक ने सर्वप्रथम जजिया कर समाप्त किया था?
A. जैतुल आबदीन
B. मुहम्मद बिन तुगलक
C. हुसैन शाह शर्की
D. अकबर
Ans. A

9. हल्दीघाटी के युद्ध में राजपूत सेना का सेनापति कौन था?
A. इब्राहिम गार्दी B. हकीम खाँ सुर
C. टार्डी बेग D. महमूद लोदी
Ans. B

10. दिल्ली के लाल किले में मोती मस्जिद का निर्माण किया था?
A. अकबर ने B. जहांगीर ने
C. शाहजहां ने D. औरंगजेब ने
Ans. D

11. किस सिक्ख गुरू ने अकबर को 500 बीघा जमीन दी थी?
A. अर्जुन देव B. रामदास
C. हर राय D. तेग बहादुर
Ans. B

12. अंग्रेजों ने रैयतवाड़ी बंदोबस्त कहां लागू किया था?
A. बंगाल प्रेसीडेंसी
B. मद्रास प्रेसीडेंसी
C. बंबई प्रेसीडेंसी
D. बंबई और मद्रास
Ans. D

13. किसे भारतीय पुनर्जागरण का पिता कहा जाता है?
A. राजा राम मोहन राय
B. दयानंद सरस्वती
C. स्वामी विवेकानंद
D. रामकृष्ण परमहंस
Ans. A

14. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम निर्वाचित यूरोपीय अध्यक्ष था?
A. ए ओ ह्यूम
B. जॉर्ज यूले
C. अल्फ्रेड वेब
D. एनी बेसेंट
Ans. B

15. निम्न में से किस एक को लाला लाजपत राय ने अपना राजनीतिक गुरू माना था?
A. गैरीबाल्डी को
B. विवेकानंद को
C. डी.वी. नौरोजी को
D. मैजिनी को
Ans. D

16. अगस्त 1925 में सेंट्रल लेजिस्लेटिव एसेंबली का अध्यक्ष किसे चुना गया था?
A. सी.आर. दास
B. एम.एल. नेहरू
C. एम.आर. जयकर
D. विट्ठलभाई पटेल
Ans. D

17. किस नेता ने पुलिस कमिश्नर चार्ल्स टेगार्ट की हत्या का प्रयास किया था?
A. शचीन्द्रनाथ सान्याल
B. राजेन्द्र लाहिडी
C. चन्द्रशेखर आजाद
D. गोपीनाथ साहा
Ans. D

18. भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष थे?
A. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
B. जवाहरलाल नेहरू
C. सरदार पटेल
D. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
Ans. A

19. लाठी क्लब की स्थापना किसने की थी?
A. भगत सिंह
B. लाला लाजपत राय
C. बाल गंगाधर तिलक
D. विपिन चंद्र पाल
Ans. C

20. केरल में प्रथम साम्यवादी राज्य सरकार का गठन किया गया था?
A. 1953 B. 1955
C. 1957 D. 1959
Ans. C

21. इम्पीरियल गजेटियर के संकलनकर्ता कौन थे?
A. कोलिन क्लर्क
B. विलियम विल्सन हंटर
C. चार्ल्स इलियट
D. विलियम डिग्ली
Ans. B

22. औरंगजेब ने किसको 'साहिबत उज जमानी' की उपाधि प्रदान की थी?
A. शाइस्ता खान
B. अमीन खान
C. जहां आरा
D. रोशन आरा
Ans. C

23. हुमायूंनामा किसके द्वारा लिखा गया है?
A. जहां आरा
B. रोशनआरा
C. गुलबदन बेगम
D. जेबुन्निसा
Ans. C

24. भोजशाला मंदिर में किसकी पूजा होती है?
A. सरस्वती B. दुर्गा
C. पार्वती D. लक्ष्मी
Ans. A

25. किस वंश के शासकों ने देश पर सबसे अधिक समय तक शासन किया?
A. गुलाम वंश
B. खिलजी वंश
C. तुगलक वंश
D. लोदी वंश
Ans. C

26. होशंगशाह का मकबरा कहां पर है?
A. इंदौर B. शिवपुरी
C. मांडू D. उज्जैन
Ans. C

27. भारत छोड़ो आंदोलन किसकी प्रतिक्रिया में शुरू किया गया?
A. कैबिनेट मिशन योजना
B. क्रिप्स मिशन
C. साइमन कमीशन रिपोर्ट
D. वेवेल योजना
Ans. B

28. निम्नलिखित में से अलवर संत नहीं था?
A. पोयगई B. तिरूमालिसे
C. पूडम D. तिरुमंगई
Ans. B

29. दार उल शफा क्या था?
A. एक दानशाला
B. एक खैराती अस्पताल
C. एक पुस्तकालय
D. अतिथिगृह
Ans. B

30. मौर्यकाल में सीता से तात्पर्य है?
A. एक देवी
B. एक धार्मिक सम्प्रदाय
C. राजकीय भूमि से प्राप्त आय
D. ऊसर भूमि
Ans. C

31. उत्तर भारत में चांदी का सिक्का जारी करने वाला कौन मध्यकालीन शासक था?
A. इल्तुतमिश
B. रजिया
C. अलाउद्दीन खिलजी
D. मोहम्मद तुगलक
Ans. A

32. शिव की दक्षिणामूर्ति प्रतिमा उन्हें किस रूप में प्रदर्शित करती है?
A. शिक्षक
B. नृत्य करते हुए
C. विश्राम करते हुए
D. ध्यान मग्न
Ans. A

33. अकबर की इच्छानुसार किसने रामायण का फारसी में अनुवाद किया था?
A. अबुल फजल
B. अब्दुल कादिर बदांयूनी
C. फैजी
D. अब्दुल रहीम
Ans. B

34. माउण्टबेटेन योजना आधार बनी?
A. ब्रिटिश शासन के निरंतरता की
B. सत्ता के हस्तांतरण की
C. देश के विभाजन की
D. साम्प्रदायिक दंगों की
Ans. C

35. किसने कहा था तिलक भारतीय अंशाति के जनक हैं?
A. वी. चिरोल
B. लुई फिशर
C. वेव मिलर
D. लार्ड रीडिंग
Ans. A

36. तिनकठिया प्रथा से आशय है?
A. 3/20 भू भाग पर नील की खेती करना
B. 3/19 भू भाग पर नील की खेती करना
C. 3/15 भू भाग पर नील की खेती करना
D. कोई नहीं
Ans. A

37. किस संत ने अद्वैतवाद का प्रतिपादन किया था?
A. शंकराचार्य B. रामानंद
C. कबीर D. चैतन्य
Ans. A

38. हड़प्पाकाल का तांबे का रथ कहां से मिला है?
A. कुनाल B. राखीगढ़ी
C. दैमाबाद D. बनवाली
Ans. C

39. किस मुगल शासक ने अपने पिता की मौत के बाद अपनी सौतेली मां को कैद कर लिया था?
A. औरंगजेब B. शाहजहां
C. जहांगीर D. दाराशिकोह
Ans. B

40. गांधी जी ने अपना दांडी मार्च कहां से शुरू किया था?
A. वर्धा B. साबरमती
C. खेड़ा D. अहमदाबाद
Ans. B

41. वैदिक काल में पणि किसे कहा जाता था?
A. व्यापारी समुदाय
B. पशु चरवाहे
C. ग्वाले
D. किसान
Ans. A

42. कैबिनेट मिशन का अध्यक्ष कौन था?
A. क्लीमेंट एटली
B. सर पी. लॉरेंस
C. स्टेफोर्ड क्रिप्स
D. ए.वी. एलेकजेंडर
Ans. A

43. जैनियों की धार्मिक पुस्तक कहलाती हैं?
A. आगम B. अंग
C. प्रवास D. उपांग
Ans. A

44. अब्बाब क्या था?
A. टोल टैक्स
B. जकात जैसा धार्मिक टैक्स
C. सीमा शुल्क
D. सिचाई कर
Ans. D

45. दक्षिण के वैष्णव भक्ति संत थे?
A. अलवार B. नारायण
C. भागवत D. विरासविट्स
Ans. A

46. भूमि नापने के लिए दिल्ली सल्तनत काल में कौन-सा मापक प्रयोग किया जाता था?
A. किस्मत ए गल्ला
B. गल्ला बक्शी
C. मसहत
D. गाजी
Ans. C

47. लिंगायत आंदोलन की स्थापना किसने की थी?
A. बासवन्ना B. रामानुज
C. शंकराचार्य D. कम्भन
Ans. A

48. विजयनगर की मुद्रा को किस नाम से जानते थे?
A. दिनार B. हूना
C. पानाम D. पैगोडा
Ans. D

- देवेश पांडेय
(लेखक, अतिथि सहायक प्राध्यापक दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली)

युद्ध स्तर पर हो 15 से 18 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। इसलिए तीसरी लहर से बचने की पूरी तैयारी रखने की जरूरत है। एक्टिव केस 608 हो गए हैं। गत 21 नवम्बर को केवल 85 केस थे। ओमिक्रॉन के 11 केस आए हैं, जो पूरे स्वस्थ हो गए हैं। कोरोना को पराजित करने के लिए हम सब मिलकर प्रयास करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने जिला, विकासखंड, वार्ड और पंचायत स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप्स को संबोधित करते हुये कहीं। श्री चौहान ने कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, साउथ अफ्रीका में बहुत अधिक केस आए हैं। इनकी स्थिति को ध्यान में रखकर प्रदेश में तीसरी लहर से बचने की तैयारी पूरी कर ली जाए।

बच्चों को लगाई जाएगी कोवैक्सीन

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैक्सीन की पहली और दूसरी डोज में 90 प्रतिशत से कम टीकाकरण वाले जिले मेहनत कर प्रतिशत को बढ़ायें। 15-18 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण 3 जनवरी से प्रारंभ हो रहा है। टीकाकरण युद्ध स्तर पर हो। बच्चों को कोवैक्सीन ही लगाई जाना है। इसका ध्यान रखना होगा। वैक्सीनेशन केवल स्कूलों में ही होगा।

श्री चौहान ने कहा कि होम आइसोलेशन हमारी प्राथमिकता होगी। जिनको घर में रखें उन्हें किट भी दें। पीएसए प्लांट क्रियाशील रहें। मुख्यमंत्री कोविड उपचार योजना में निजी अस्पतालों का अनुबंध 31 मार्च तक बढ़ाया गया है। इसके लिए सभी कलेक्टर तेजी से अनुबंध करें। मुख्यमंत्री ने सार्थक पोर्टल पर बिस्तरों की संख्या उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में करेंगे तीसरी लहर से मुकाबला

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 140 करोड़ टीके लग चुके हैं। उनके कुशल नेतृत्व में हम सब मिलकर तीसरी लहर से मुकाबला करेंगे। सांसद, विधायक, समाजसेवी, धर्मगुरु, पतंजलि योगपीठ, गायत्री परिवार, जनअभियान परिषद, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, लायंस क्लब, रोटरी क्लब आदि सभी को इसके लिए जोड़ना है। प्रभारी मंत्री सबको जोड़कर काम करायें। ग्राम, पंचायत और वार्ड स्तरीय समितियां खांसी, जुकाम, हल्का बुखार को गंभीरता से लें। ऐसे लक्षण हैं तो तुरंत सेम्पल लिया जाकर टेस्ट होना चाहिए। इलाज की व्यवस्था करायें। होम आइसोलेशन वाले मरीजों पर निरंतर नजर रखकर स्वास्थ्य की जानकारी लें। कोविड के अनुकूल व्यवहार का पालन सुनिश्चित करें।

बच्चों का टीकाकरण करवाकर ही हम चैन की सांस लेंगे

श्री चौहान ने कहा कि 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण करवाकर ही हम चैन की सांस लेंगे। यह सबसे बड़ी सुरक्षा है। क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटियां वैक्सीनेशन सुनिश्चित करायें। समन्वय करके टेस्ट की संख्या बढ़ायें। ब्लॉक स्तर पर कोविड केयर सेन्टर बनाने की तैयारी कर लें। अस्पतालों में भीड़ न बढ़े इसके लिए कोविड केयर सेन्टर्स पर मरीजों को रखें। अस्पताल भी चाक-चौबंद रहें। जिले में तत्काल एक कोविड केयर सेंटर प्रारंभ कर दिया जाए।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए

तर्कशक्ति

प्र. (1-5) निम्नलिखित जानकारी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में एक-दूसरे की ओर उन्मुख होकर बैठे हैं। A, B, C, D पंक्ति (1) में दक्षिण की ओर मुख करके बैठे हैं। W, X, Y, Z पंक्ति (2) में उत्तर दिशा में मुख करके बैठे हैं। इनमें से चार व्यक्ति फल जैसे सेब, अंगूर, पपीता और अमरुद पसंद करते हैं। फल पसंद करने वाले कोई दो व्यक्ति एक-दूसरे के आसपास और विपरीत नहीं बैठे हैं।

B, A के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। B पंक्ति के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति Z के निकटतम पड़ोसी की ओर उन्मुख है। C, Y की ओर उन्मुख है। W, X के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। B को पपीता पसंद है। Z को सेब पसंद है। अमरूद पसंद करने वाला व्यक्ति दक्षिण दिशा में मुख नहीं किया है।

प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र. 1 **अंगूर कौन पसंद करता है?**
(a) A (b) D
(c) X (d) W

प्र. 2 **Z के ठीक बायें बैठे व्यक्ति की ओर कौन मुख किया है?**
(a) A (b) B
(c) C (d) D

प्र. 3 **विषम पद ज्ञात कीजिए?**
(a) A (b) Z
(c) W (d) X

प्र. 4 **X की ओर कौन मुख किया है?**
(a) B (b) A
(c) D (d) C

प्र. 5 **अमरूद पसंद करने वाले के सामने कौन बैठा है?**
(a) X (b) C
(c) Z (d) D

उत्तर (1-5)
(1) (a) A
(2) (b) B
(3) (d) X
(4) (a) B
(5) (b) C

प्र. 6 **कथन -**
कुछ States, Country हैं।
कुछ Country, City हैं।
सभी City, Village हैं।
निष्कर्ष -
(a) सभी Country, City हो सकती हैं।
(b) सभी Village, City हैं।
उत्तर केवल (a) अनुसरण करता है।
व्याख्या कथनानुसार,



∵ (a) ✓
(b) ×

प्र. 7 **कथन -**
कुछ News, Impact हैं।
कुछ Impact, Reactions हैं।
सभी Reactions, Important हैं।
निष्कर्ष -
(a) कुछ Important के News होने की संभावना है।
(b) कोई Reactions, Impact नहीं हैं।
उत्तर केवल (a) सत्य है।
व्याख्या कथनानुसार,



(a) ✓
(b) ×

प्र. 8 **कथन -**
सभी Great, Achievement हैं।
सभी Achievement, Stable हैं।
सभी Focus, Stable हैं।
निष्कर्ष -
(a) कुछ Achievement, Focus हो सकते हैं।
(b) सभी Great, Stable हैं।
उत्तर दोनों सत्य हैं।
व्याख्या कथनानुसार,



(a) ✓
(b) ✓

प्र. 9 **कथन -**
कुछ Nice, Good हैं।
सभी Good, Fine हैं।
सभी Fine, Excellent हैं।
निष्कर्ष -
(a) कुछ Fine, Good नहीं हैं।
(b) सभी Nice, Excellent हैं।
उत्तर केवल (b) सत्य है।
व्याख्या कथनानुसार,

(a) ×
(b) ✓

प्र. 10 **कथन -**
कुछ Straight, Line हैं।
सभी Straight, Diagonal हैं।
सभी Divide, Line हैं।
निष्कर्ष -
(a) कुछ Straight, Divide हो सकते हैं।
(b) कुछ Straight, Divide हैं।
उत्तर केवल (a) सत्य है।
व्याख्या कथनानुसार,



(a) ✓
(b) ×

प्र. (11-15) निम्नलिखित जानकारी को पढ़कर, प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

विभिन्न रंगों अर्थात् हरे, लाल, नीले, पीले, बैंगनी, गुलाबी और नारंगी के सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G को एक के ऊपर एक व्यवस्थित किया गया है।

बॉक्स B, E के ठीक ऊपर है। हरे रंग के बॉक्स के ऊपर दो से अधिक बॉक्स रखे हैं। पीला बॉक्स, बॉक्स A के ठीक नीचे है। हरे और बॉक्स F के बीच केवल एक बॉक्स है। G, गुलाबी बॉक्स के ठीक ऊपर है। बॉक्स B और लाल बॉक्स के बीच केवल एक बॉक्स है। पीले और हरे बॉक्स के बीच केवल दो बॉक्स रखे हैं। नीला बॉक्स न सबसे ऊपर और न सबसे नीचे है। B, लाल बॉक्स के ऊपर है। बॉक्स C, F के ठीक ऊपर है। न तो C न ही G एक पीला बॉक्स है। G का रंग हरा नहीं है। नारंगी बॉक्स और लाल बॉक्स के बीच दो बॉक्स हैं।

प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र. 11 **कौन सा बॉक्स बीचों-बीच रखा है?**
(a) A (b) G
(c) E (d) C

प्र. 12 **D किस रंग का है?**
(a) पीला (b) हरा
(c) नीला (d) गुलाबी

प्र. 13 **सबसे ऊपर कौन सा बॉक्स रखा है?**
(a) A (b) B
(c) E (d) C

प्र. 14 **गुलाबी रंग का बॉक्स कौन सा है?**
(a) D (b) C
(c) A (d) E

प्र. 15 **बॉक्स F का रंग क्या है?**
(a) नारंगी (b) पीला
(c) नीला (d) हरा

उत्तर (11-15)
(11) (c) E
(12) (a) पीला
(13) (d) C
(14) (c) A
(15) (a) नारंगी

व्याख्या (11-15)
प्रश्नानुसार,
C ⟶ बैंगनी
F ⟶ नारंगी
B ⟶ नीला
E ⟶ हरा
G ⟶ लाल
A ⟶ गुलाबी
D ⟶ पीला

प्र. (16-20) निम्नलिखित जानकारी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

छः व्यक्ति एक त्रिभुजाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठे हैं कि उनमें से तीन व्यक्ति मेज के कोनों पर और बचे हुए तीन व्यक्ति मेज की भुजाओं के मध्य बैठे हैं। कोनों पर बैठे व्यक्ति केन्द्र की ओर देख रहे हैं और भुजओं पर बैठे व्यक्ति केन्द्र की विपरीत दिशा में देख रहे हैं। A और B के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है। B, C के बायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। E, F के दायें से दूसरे स्थान पर बैठा है। F, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है। D मेज के केन्द्र से बाहर देख रहा है।

प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र. 16 **D के दायें से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?**
(a) A (b) B
(c) C (d) F

प्र. 17 **विषम पद ज्ञात करें?**
(a) B (b) D
(c) A (d) C

प्र. 18 **यदि A और B अपने स्थानों को आपस में बदल देते हैं, तो B के बायें से दूसरे स्थान पर कौन है?**
(a) C (b) D
(c) F (d) E

प्र. 19 **D के बायें दूसरे स्थान पर कौन है?**
(a) A (b) C
(c) F (d) E

प्र. 20 **विषम पद ज्ञात कीजिए?**
(a) F (b) E
(c) D (d) B

उत्तर (16-20)
(16) (b) B
(17) (b) D
(18) (a) C
(19) (d) E
(20) (d) B

व्याख्या (16-20)
प्रश्नानुसार,



प्र. (21-25) किस कूटभाषा में,

"Rabbit is very carrot" को "jla jta jja jsa" कहा जाता है।

"love drinks are rabbit" को "jja jpa jra jda" कहा जाता है।

"pigeon is very love" को "jda jta jfa jla" कहा जाता है।

तो निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

प्र. 21 **"carrot" का कूट क्या होगा?**
(a) jsa (b) jda
(c) jja (d) jla

प्र. 22 **"Rabbit love Pigeon" का कूट क्या है?**
(a) jsa jja jra
(b) jfa jja jda
(c) jda jra jta
(d) तय नहीं कर सकते

प्र. 23 **"drinks" का कूट क्या है?**
(a) jra (b) jpa
(c) jra/jpa (d) jda

प्र. 24 **"Pigeon" का कूट क्या है?**
(a) jfa (b) jla
(c) jta (d) jda

प्र. 25 **"jta" किसका कूट है?**
(a) Is
(b) love
(c) very
(d) is/very

उत्तर (21-25)
(21) (a) jsa
(22) (b) jfa jja jda
(23) (c) jra/jpa
(24) (a) jfa
(25) (d) is/very

व्याख्या (21-25)
प्रश्नानुसार,

Rabbit is very carrot → jla jta jja jsa
love drinks are rabbit → jja jpa jra jda
Pigeon is very love → jda jta jfa jla
is/very → jta/jla
drinks/are → jpa/jra
Rabbit → jja
carrot → jsa
love → jda
Pigeon → jfa

- ऋचा दुबे
(लेखिका, बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लिखती हैं)

सभी जिलों में संक्रमित नागरिकों को मिले बेहतर उपचार और देखभाल - मुख्यमंत्री

भोपाल, विश्व में कोरोना के नए स्वरूप ओमिक्रॉन का संक्रमण देखने को मिल रहा है। भारतीय राज्यों में भी संक्रमण बढ़ रहा है। लेकिन इससे घबराने की आवश्यकता नहीं, बल्कि अधिक से अधिक सावधानियां बरतने की जरूरत है। हम पहले की तरह इस बार भी सबके साथ मिलकर इस संक्रमण का मुकाबला करेंगे, लड़ेंगे और जीतेंगे। सार्वजनिक स्थानों पर अनिवार्य रूप से मास्क का उपयोग किया जाए। मास्क का उपयोग न करने पर जुर्माना लगाया जाये। अभी अनेक राज्यों में नाइट कर्फ्यू के अलावा अन्य प्रतिबंध नहीं हैं। मध्यप्रदेश में भी कोई नए सख्त प्रतिबंध नहीं होंगे, लेकिन विभिन्न अवसरों पर उपस्थिति की संख्या सीमित करने का निर्णय हुआ है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा विभिन्न मंत्रियों, प्रशासनिक अधिकारियों और प्रदेश के कलेक्टर्स से कोविड-19 की स्थिति की जानकारी प्राप्त की और व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल सहित जबलपुर, ग्वालियर और इंदौर के कलेक्टरों से किए गए प्रबंध की जानकारी ली। श्री चौहान ने कहा कि कोविड केयर सेंटर में संक्रमित रोगियों के आइसोलेशन की समुचित व्यवस्था हो। प्रभारी अधिकारी जिलों के संपर्क में रहें। सभी सावधानियों का पालन करवायें।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रतिदिन कम से कम 60 हजार कोरोना टेस्ट राज्य में हों। अस्पतालों में आवश्यकतानुसार बेड की व्यवस्था हो। कोविड केयर सेंटर्स में भी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। अस्पतालों और कोविड केयर सेंटर्स में एक से सवा लाख बिस्तरों की क्षमता निर्मित रहे। भारत सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप उपचार और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। संक्रमण से घबराएं नहीं पूरी सावधानियां रखते हुये आमजन को जागरूक किया जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में सर्वाधिक संक्रमण है। पड़ोसी राज्य होने के नाते मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक एहतियात बरतें। मुख्यमंत्री ने स्वैच्छिक संगठनों, आमजन, जनप्रतिनिधियों और क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों के सदस्यों से मिलजुल कर संक्रमण का मुकाबला करने का आव्हान किया।

श्री चौहान ने कहा कि पूर्व की कोरोना लहरों के समय भोपाल में लाल परेड ग्राउण्ड के पास मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आइसोलेशन के लिए जो व्यवस्था की गई थी। उसकी तैयारी अभी भी रखी जाए। संक्रमण का प्रभाव कम होने के बावजूद यह व्यवस्था एहतियातन कर ली जाए। इसी तरह इंदौर में भी स्टेडियम में रोगियों को आइसोलेट रखने के प्रबंध सुनिश्चित हों। ठंड के मौसम को देखते हुए स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से आवश्यक रजाइयों की व्यवस्था भी की जाए। प्रदेश के बड़े नगरों में पुख्ता व्यवस्थाएं हो जाने से निकटवर्ती जिलों से आने वाले संक्रमित व्यक्तियों की देखभाल में आसानी होगी।

जबलपुर कलेक्टर ने बताया कि प्रतिदिन करीब पाँच हजार टेस्ट किए जा रहे हैं। अभी 73 प्रकरण सामने आए हैं। फीवर क्लीनिक प्रारंभ कर दिए गए हैं। कुल 32 शासकीय और निजी अस्पतालों से सम्पर्क कर व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

कलेक्टर ग्वालियर ने बताया कि कल 58 प्रकरण सामने आए हैं। छह हजार बेड उपलब्ध हैं। कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग भी की जा रही है। रोगियों के घर जाकर चिकित्सकीय परामर्श देने की व्यवस्था की गई है। एक मॉडल तैयार किया गया है, जिसमें रोगी को एक पैकेज में उपचार और देखभाल का लाभ मिलेगा। क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी की बैठक भी की जा चुकी है। कलेक्टर इंदौर ने बताया कि संक्रमण को देखते हुए चिकित्सकों से उपचार में औषधियों के निर्धारण के संबंध में भी चर्चा हुई है। कलेक्टर भोपाल ने बताया कि पंडित खुशीलाल शर्मा आयुर्वेदिक महाविद्यालय में कोविड केयर सेंटर प्रारंभ किया गया है। नेहरू स्टेडियम में भी करीब एक हजार बिस्तर क्षमता का केंद्र शुरू करने की तैयारी है। भोपाल में कल 24 प्रकरण सामने आए हैं। फीवर क्लीनिक भी कार्य कर रहे हैं।

खेल चर्चा

स्मृति मंधाना

सर्वश्रेष्ठ ट्वेंटी-20 महिला खिलाड़ी के लिये नामांकित

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत की दिग्गज महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ ट्वेंटी-20 महिला खिलाड़ी पुरस्कार के लिये नामांकित किया है। मंधाना के अलावा इंग्लैंड की टैमी ब्यूमॉंट, नैट स्कीवर और आयरलैंड की गैवी लुईस को भी नामांकित किया गया है। स्मृति मंधाना ने वर्ष 2021 में ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। मंधाना ने वर्ष 2021 में 9 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 31.87 की औसत से 255 रन बनाये हैं। इनमें दो शानदार अर्धशतक भी शामिल हैं। इसके अलावा मंधाना ने वर्ष 2021 में 11 वन-डे मैचों में 352 रन तथा 2 टेस्ट मैचों में 244 रन भी बनाये हैं।

नीरज चोपड़ा के कोच क्लॉस का कार्यकाल बढ़ाया गया

नई दिल्ली, भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने ओलिंपिक स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज का कार्यकाल वर्ष 2024 तक के लिये बढ़ा दिया है। एएफआई ने कहा नीरज के कोच बार्टोनिट्ज के अनुबंध को पेरिस ओलिंपिक-2024 तक बढ़ा दिया गया है। एएफआई ने कहा कि नीरज ने टोक्यो ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद बार्टोनिट्ज के साथ प्रशिक्षण जारी रखने की इच्छा जताई थी। बार्टोनिट्ज वर्ष 2018 में नीरज के साथ बायो मैकेनिकल विशेषज्ञ के रूप में जुड़े थे। नीरज ने बार्टोनिट्ज और उवे हॉन के मार्गदर्शन में भाला फेंक में काफी सफलता अर्जित की है।

बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड में टेस्ट जीतकर रचा इतिहास

माउंट मोंगनुई, बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड दौरे पर ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुये न्यूजीलैंड को पहले टेस्ट मैच में 8 विकेट से हरा दिया। यह न्यूजीलैंड के खिलाफ बांग्लादेश की पहली टेस्ट जीत है। मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 328 रन बनाये। इसके जवाब में बांग्लादेश ने पहली पारी में 458 रन बनाये और 130 रनों की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बांग्लादेश के गेंदबाजों के सामने न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टिक नहीं पाये। न्यूजीलैंड की टीम ने दूसरी पारी में महज 169 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बांग्लादेश ने जीत के लिये मिले 40 रनों के लक्ष्य को दो विकेट खोकर हासिल कर लिया।

मोहम्मद हफीज ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

कराची, पाकिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी मोहम्मद हफीज ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। हफीज ने कहा कि वे ट्वेंटी-20 लीग में खेलते रहेंगे। हफीज की गिनती विश्व के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में होती है। हफीज ने अप्रैल 2003 में जिम्बाब्वे के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। हफीज ने ट्वेंटी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था। इस मैच में पाकिस्तान को हार का सामना करना पड़ा था। हफीज पिछले कुछ वर्षों से सिर्फ ट्वेंटी-20 क्रिकेट ही खेल रहे थे। हफीज ने 55 टेस्ट, 218 वन-डे और 119 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।

अंडर-19 एशिया कप

भारत आठवीं बार बना चैंपियन

दुबई, भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने आठवीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने श्रीलंका को नौ विकेट से हराया। एशिया कप में भारत लगातार तीसरी बार चैंपियन बना है। फाइनल मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये 106 रन बनाये। डकवर्थ लुईस नियम के तहत भारत को 102 रन का लक्ष्य मिला और टीम इंडिया ने इसे एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। बारिश की वजह से यह मैच 38 ओवर का हुआ।

श्रीलंका की खराब बल्लेबाजी

इस मैच में श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीन रन पर ही उसका पहला विकेट गिर गया था। इसके बाद लगातार श्रीलंका के विकेट गिरते रहे और अंत में यह टीम नौ विकेट के नुकसान पर 106 रन बना पाई। बारिश के कारण इस मैच से 12 ओवर कम किये गये। अगर ऐसा नहीं होता तो श्रीलंका के लिये पूरे 50 ओवर खेलना भी मुश्किल था।

श्रीलंकाई टीम इस मैच में खराब शुरुआत से नहीं उबर सकी और 106 रनों पर सिमट गई। श्रीलंका का कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक नहीं लगा सका और छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाये। श्रीलंका के लिये सबसे ज्यादा 19 रन रोद्रिगू ने बनाये। श्रीलंका का पहला विकेट तीन रन के स्कोर पर गिर गया। भारत के रवि कुमार ने श्रीलंका को पहला झटका दिया। चामिंदु विक्रमासिंघे दो रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद राज बावा ने 15 के स्कोर पर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। उन्होंने शेवन डेनियल को अराध्य यादव के हाथों कैच कराया। श्रीलंका के 7 विकेट महज 57 रन पर गिर गये थे। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों ने साहसिक पारी खेलते हुये श्रीलंका को 100 रन के पार पहुंचाया। श्रीलंका ने निर्धारित 38 ओवरों में 9 विकेट पर 106 रन बनाये।

भारतीय गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन

फाइनल मैच में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और श्रीलंका की टीम को 106 रनों पर रोका। भारत के लिये विकी ओस्तवाल ने तीन, कौशल ताम्बे ने दो और राज बावा, रवि कुमार, राजवर्धन ने एक-एक विकेट लिया। वहीं श्रीलंका का एक बल्लेबाज रन आउट हुआ।

इस मैच में भारत के बल्लेबाजों ने बहुत ही बेहतरीन बल्लेबाजी और आसानी से छोटे लक्ष्य का पीछा किया। भारतीय बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजों पर हावी रहे। अंगकृश रघुवंशी ने सबसे ज्यादा 56 और उपकप्तान शेख रसीद ने 31 रनों की पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिये 96 रनों की नाबाद साझेदारी की। हरनूर इस पारी में आउट होने वाले एकमात्र भारतीय बल्लेबाज थे। उन्होंने पांच रन बनाये। 102 रनों का पीछा करते हुये भारत ने 21.3 ओवर में 104 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

- अब तक नौ बार अंडर-19 एशिया कप का आयोजन किया जा चुका है।
- इनमें से आठ बार भारतीय क्रिकेट टीम ने जीता है यह खिताब।
- वर्ष 2012 में भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला टाई रहा था, इसके बाद दोनों देशों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया।
- वर्ष 2017 में अफगानिस्तान ने जीता है अंडर-19 एशिया कप का खिताब।

पॉवर लिफ्टिंग में

मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों की उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश के दो युवा खिलाड़ियों द्वारा इस्तांबुल (तुर्की) में हो रही एशियन पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने पर हर्ष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने पदक विजेता दोनों प्रतिभावान खिलाड़ियों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री ने सीहोर जिले के आष्टा निवासी श्री हैदर शाह द्वारा जूनियर वर्ग में 74 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक प्राप्त करने को पूरे राष्ट्र की उपलब्धि बताया है। श्री चौहान ने मुरैना की बेटी सुश्री ईशा सिंह द्वारा सीनियर वर्ग में 84 किलोग्राम वर्ग में चार रजत पदक जीतने को भी अन्य खिलाड़ियों के लिये प्रेरक और गौरव भरी उपलब्धि बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ी अनेक खेलों में निरंतर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं।

क्विंटन डिकॉक ने टेस्ट क्रिकेट से अचानक लिया संन्यास

जोहानिसबर्ग, दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर और पूर्व कप्तान क्विंटन डिकॉक ने टेस्ट क्रिकेट से अचानक संन्यास लेने का ऐलान किया है। डिकॉक ने सेंचुरियन में पहले टेस्ट मैच में भारत के हाथों मिली हार के बाद संन्यास लिया है। डिकॉक ने वर्ष 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। डिकॉक वर्ष 2021 की शुरुआत में टेस्ट टीम की कमान संभाली थी। हालांकि टीम के खराब प्रदर्शन के बाद उन्होंने कप्तानी छोड़ दी थी। इसके बाद डीन एल्गर को कमान सौंपी गई थी।

बीसीसीआई ने रणजी ट्रॉफी सहित कई टूर्नामेंट किये स्थगित

मुंबई, बीसीसीआई ने देश में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुये रणजी ट्रॉफी सहित तीन घरेलू टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला किया है। रणजी के मुकाबले इसी महीने से शुरू होने थे। पिछले सीजन में भी कोरोना के कारण भारत का यह फर्स्ट क्लास टूर्नामेंट नहीं खेला जा सका था। इसके अलावा सी.के. नायडू ट्रॉफी और सीनियर महिला ट्वेंटी-20 लीग को भी टाल दिया गया है। बोर्ड की ओर से टूर्नामेंट की नई तारीखों का ऐलान नहीं किया गया है। कोरोना की स्थिति बेहतर होने के बाद ही इस पर कोई निर्णय लिया जायेगा। घरेलू टूर्नामेंट के बढ़ने का असर आईपीएल-2022 की तारीखों पर भी पड़ेगा। इससे पहले बीसीसीआई ने विजय मर्चेंट ट्रॉफी को भी स्थगित किया था।

बीसीसीआई सचिव जय शाह की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार कोरोना के बढ़ते केस के कारण टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला लिया गया है। हम खिलाड़ियों के स्वास्थ्य को लेकर किसी तरह का समझौता नहीं कर सकते। आगे स्थिति को देखने के बाद नई तारीख पर कोई निर्णय लिया जायेगा। सी.के. नायडू ट्रॉफी के मुकाबले भी इसी महीने से शुरू होने थे, जबकि महिला ट्वेंटी-20 लीग का आयोजन अगले महीने होना था।

बीसीसीआई के अनुसार मौजूदा 2021-22 घरेलू सीजन में 11 टूर्नामेंटों में 700 से अधिक मैच होने हैं और इसका हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। लेकिन देश में कोरोना की तीसरी लहर की आशंका है।

भारत का दक्षिण अफ्रीका दौरा

राहुल को मिली भारतीय वन-डे टीम की कमान

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिये भारतीय वन-डे क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। हाल ही में वन-डे और ट्वेंटी-20 फॉर्मेट के नवनियुक्त कप्तान रोहित शर्मा चोट के चलते वन-डे सीरीज से भी बाहर हो गये हैं। टीम की कमान के.एल. राहुल को सौंपी गई है।

अश्विन और धवन की वापसी

चयनकर्ताओं ने 18 सदस्यीय वन-डे टीम में छह बल्लेबाजों, दो विकेटकीपरों, दो ऑलराउंडरों, दो स्पिनरों और छह तेज गेंदबाजों को जगह दी है। चयनकर्ताओं ने यह टीम वर्ष 2023 में होने वाले वन-डे विश्वकप को ध्यान में रखते हुये चुनी है। वन-डे टीम में चार वर्ष बाद स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की वापसी हुई, इसके अलावा सलामी बल्लेबाज शिखर धवन भी टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। रोहित शर्मा के अलावा रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल भी चोटिल होने के चलते टीम से बाहर हैं, जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को वन-डे सीरीज से आराम दिया गया है।

वेंकटेश और ऋतुराज नये चेहरे

वन-डे टीम में युवाओं को तरजीह दी गई है। टीम में वेंकटेश अय्यर और ऋतुराज गायकवाड़ को भी जगह मिली है। इन दोनों बल्लेबाजों ने विजय हजारे ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं टीम में सूर्यकुमार यादव, वाशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर भी अपनी जगह बचाने में सफल रहे हैं। वन-डे सीरीज के मुकाबले 19 जनवरी, 21 जनवरी और 23 जनवरी को खेले जायेंगे।

भारतीय टीम- के.एल. राहुल, शिखर धवन, ऋतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्य कुमार यादव, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, ईशान किशन, वेंकटेश अय्यर, वॉशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज।

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप

मिताली संभालेंगी भारतीय टीम की कमान

मुंबई, न्यूजीलैंड में खेले जाने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप के लिये भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कप्तान अनुभवी खिलाड़ी मिताली राज होंगी, वहीं हरमनप्रीत कौर टीम की उपकप्तान बनाई गई हैं।

बीसीसीआई ने टीम में बड़ा बदलाव करते हुये जेमिमाह रोड्रिगेज, शिखा पांडेय, हरलीन देओल और एकता बिष्ट को टीम में शामिल नहीं किया है। हालांकि एकता को स्टैंडबाय खिलाड़ी में रखा गया है। टीम में तेज गेंदबाज रेनुका सिंह ठाकुर नया चेहरा होंगी। रेनुका ने अभी वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया है, लेकिन घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है।

बीसीसीआई ने कहा कि टीम विश्वकप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ फरवरी में पांच मैचों की वन-डे सीरीज भी खेलेगी। इसके अलावा बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एक ट्वेंटी-20 मैच के लिये भी टीम घोषित की। ट्वेंटी-20 टीम का नेतृत्व हरमनप्रीत कौर करेंगी।

महिला क्रिकेट विश्वकप-2022 का आगाज 4 मार्च को होगा। विश्वकप का पहला मैच न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच खेला जायेगा। विश्वकप में विश्व की शीर्ष आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। विश्वकप में कुल 31 मैच 6 शहरों में खेले जायेंगे। यह टूर्नामेंट राउंड रोबिन फॉर्मेट में खेला जायेगा। सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेलेंगी।

भारतीय टीम- मिताली राज, हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष, स्नेह राणा, झूलन गोस्वामी, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, रेनुका सिंह ठाकुर, तानिण भाटिया, राजेश्वरी गायकवाड़ और पूनम यादव।

स्टैंडबाय खिलाड़ी- एकता बिष्ट, सब्भिनेनी मेघना, सिमरन दिलबहादुर।

एंडरसन सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बने

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज एशेज में इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने नई उपलब्धि हासिल की है। एंडरसन सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर आ गये हैं। एंडरसन ने अब तक 169 टेस्ट मैच खेले हैं। वे सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले एक्टिव क्रिकेटर भी हैं। टेस्ट क्रिकेट में ज्यादा टेस्ट मैच खेलने का रिकॉर्ड भारत के पूर्व खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर के नाम हैं। सचिन ने 200 टेस्ट मैच खेले हैं। वहीं एंडरसन ने 169, रिकी पॉंटिंग और स्टीव वॉ ने 168-168 तथा जैक कैलिस ने 166 टेस्ट मैच खेले हैं। जेम्स एंडरसन के नाम 640 टेस्ट विकेट लेने का रिकॉर्ड है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

दक्षिण अफ्रीका के संसद भवन में भीषण आग

दक्षिण अफ्रीका के संसद भवन के एक चैंबर में भयंकर आग लग गई, जिसकी वजह से पार्लियामेंट चैंबर और कई दफ्तर

- **दक्षिण अफ्रीका का मूल संसद भवन 1800 के दशक के अंत में पूरा हुआ और दो नए हिस्से 20वीं शताब्दी में बने थे।**

जलकर खाक हो गए। संसद परिसर की कुछ इमारतों की छतें भी गिर गईं। संसद भवन के इसी परिसर में नेशनल असेंबली है। नेशनल असेंबली सदन में दुर्लभ किताबों का संग्रह है और रंगभेद के दौरान अफ्रीकन नेशनल एंथम की मूल प्रतिलिपि भी है। पार्लियामेंट चैंबर में ही सांसद बैठते हैं और कानूनों पर चर्चा करते हैं। अग्निशमन कर्मी के प्रमुख मोलोटो मोथापो ने कहा कि पूरा संसदीय भवन जहां सांसद बैठते हैं, वो आग में पूरी तरह खाक हो चुका है। इस अग्निकांड में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि संसद भवन छुट्टियों की वजह से बंद था, आग में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है।

पीएम-किसान की 10वीं किस्त जारी

देश के किसान का आत्मविश्वास देश का सबसे बड़ा सामर्थ्य है : प्रधानमंत्री

- **10 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसान परिवारों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि अंतरित।**
- **प्रधानमंत्री ने लगभग 351 एफपीओ को 14 करोड़ रुपये से अधिक का इक्विटी अनुदान भी जारी किया; इससे 1.24 लाख से अधिक किसान होंगे लाभान्वित।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत वित्तीय लाभ की 10वीं किस्त जारी की। इससे 10 करोड़ से अधिक लाभार्थी किसान परिवारों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि अंतरित की गई। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री ने लगभग 351 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को 14 करोड़ रुपये से अधिक का इक्विटी अनुदान भी जारी किया। इससे 1.24 लाख से अधिक किसानों को लाभ होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने एफपीओ से बात भी की। केंद्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर तथा कई राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, कृषि मंत्री एवं किसान इस कार्यक्रम से जुड़े हुए थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि भारत के किसानों के लिए एक बड़ा सहारा है। उन्होंने कहा कि अगर आज जारी किस्त को भी शामिल कर लें, तो 1.80 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के खाते में भेजी जा चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एफपीओ के माध्यम से छोटे किसान सामूहिक शक्ति की ताकत को महसूस कर रहे हैं। उन्होंने छोटे किसानों के लिए एफपीओ के पांच लाभों के बारे में बताया।

प्रधानमंत्री ने हाल के वर्षों में कृषि क्षेत्र में हासिल किए गए मील के पत्थर के बारे में बात की। खाद्यान्न उत्पादन 300 मिलियन टन तक पहुंच गया। इसी तरह, बागवानी और फूलों की खेती का उत्पादन 330 मिलियन टन तक पहुंच गया। दुग्ध उत्पादन भी पिछले 6-7 वर्षों में लगभग 45 प्रतिशत बढ़ा। लगभग 60 लाख हेक्टेयर भूमि को सूक्ष्म सिंचाई (माइक्रो इरीगेशन) के अंतर्गत लाया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मुआवजे के रूप में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी गई, जबकि प्राप्त प्रीमियम सिर्फ 21 हजार करोड़ रुपये का ही था। महज सात वर्षों में एथेनॉल का उत्पादन 40 करोड़ लीटर से बढ़कर 340 करोड़ लीटर हो गया। प्रधानमंत्री ने बायो-गैस को बढ़ावा देने के लिए गोवर्धन योजना के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गोबर का मूल्य होगा, तो दूध नहीं देने वाले पशु किसानों पर बोझ नहीं होंगे। सरकार ने कामधेनु आयोग की स्थापना की है और डेयरी क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है। प्रधानमंत्री ने एक बार फिर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण का समापन करते हुए किसानों से खेती में निरंतर नवाचार करते रहने और स्वच्छता जैसे आंदोलन का समर्थन करने का आह्वान किया।

एफपीओ के साथ चर्चा

उत्तराखंड के एफपीओ के साथ बातचीत करते हुए, प्रधानमंत्री ने उनके द्वारा जैविक खेती को अपनाए जाने तथा जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण के तरीकों के बारे में पूछताछ की। उन्होंने एफपीओ के जैविक उत्पादों के विपणन के बारे में भी बात की। एफपीओ ने प्रधानमंत्री को यह भी बताया कि वे जैविक खाद की व्यवस्था किस प्रकार करते हैं। पंजाब के एफपीओ ने प्रधानमंत्री को पराली को बिना जलाए निपटाने के तरीकों के बारे में बताया। राजस्थान के एफपीओ ने शहद उत्पादन के बारे में बात की। उत्तर प्रदेश के एफपीओ ने किसानों की समृद्धि की नींव के रूप में एफपीओ बनाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। तमिलनाडु के एफपीओ ने बताया कि नाबार्ड के समर्थन से, उन्होंने बेहतर मूल्य प्राप्त करने के लिए एफपीओ का गठन किया और एफपीओ पूरी तरह से महिलाओं के स्वामित्व में संचालित है। गुजरात के एफपीओ ने प्राकृतिक खेती और गोवंश आधारित खेती के माध्यम से लागत घटाने और मिट्टी पर तनाव को कम करने के बारे में चर्चा की।

डीआरडीओ ने मनाया अपना स्थापना दिवस

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 01 जनवरी, 2022 को 64वां डीआरडीओ दिवस मनाया। रक्षा

- **2021 में डीआरडीओ ने आकाश- नई पीढ़ी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल की पहली उड़ान, नई पीढ़ी की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रलय, ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज के लिए स्वदेशी हवाई फ्रेम, वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज एसएएम, स्टैंड-ऑफ एंटी-टैंक मिसाइल, सुपरसोनिक मिसाइल की सहायता से रिलीज टारपीडो और कई अन्य प्रणालियों जैसे अनेक मील के पत्थर हासिल किए।**

अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. जी. सतीश रेड्डी ने नई दिल्ली में डीआरडीओ परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि डीआरडीओ ने परियोजना टीमों के अथक उत्साह, लगन और समर्पण, परियोजना महानिदेशकों, निदेशकों और प्रयोगशाला निदेशकों के सक्षम नेतृत्व के माध्यम से कई सफलताएं हासिल की हैं। बता दें कि डीआरडीओ का गठन 1958 में भारतीय सेना के तत्कालीन पहले से कार्यरत तकनीकी विकास प्रतिष्ठान (टीडीई) और रक्षा विज्ञान संगठन (डीएसओ) के साथ तकनीकी विकास और उत्पादन निदेशालय (डीटीडीपी) के समामेलन से हुआ था। डीआरडीओ तब 10 प्रतिष्ठानों या प्रयोगशालाओं वाला एक छोटा संगठन था। इन वर्षों में यह विषय विषयों की विविधता, प्रयोगशालाओं की संख्या, उपलब्धियों और कद के मामले में बहुआयामी ढंग से विकसित हुआ है।

इजरायल में मिला 'फ्लोरोना' का पहला मामला

इजरायल में इन्फ्लूएंजा और कोविड-19 के मिश्रण का पहला मामला दर्ज हुआ है जिसे 'फ्लोरोना' कहा गया है। इजरायल के

स्थानीय अखबार येडियट अहरोनोट ने फ्लोरोना केस की जानकारी दी है। अखबार के मुताबिक, गर्भवती महिला में दोहरे संक्रमण की जानकारी मिलने पर उसे रबिन मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर्स का कहना है, जिस महिला में संक्रमण की पुष्टि हुई थी उसका वैक्सीनेशन नहीं हुआ था, फिलहाल महिला की हालत स्थिर है। वहीं इजरायली स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि वह यह पता लगाने के लिए अध्ययन कर रहा है कि क्या यह कॉम्बिनेशन गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है।

= विजयक और बीकन परियोजनाएं =

पहली बार बीआरओ ने 31 दिसंबर के बाद भी जोजी पर्वत दर्रे को खुला रखा

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने 11,649 फीट की ऊंचाई पर विकट जोजिला की पहुंच में विस्तार कर एक बार

- **केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लिए लॉजिस्टिक्स की आपूर्ति लाइन को खुला रखने के लिए बीआरओ की अग्रिम मोर्चे की परियोजनाएं-बीकन और विजयक मौसम की चरम स्थिति में भी चौबीसों घंटे काम कर रही हैं।**

फिर उत्कृष्टता के अपने मानक स्तर को और अधिक ऊंचा किया है। यह दर्रा केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। पहली बार जोजी पर्वत दर्रा 31 दिसंबर के बाद खुला रहा है। बीआरओ ने यह उपलब्धि अपनी अग्रिम मोर्चे की परियोजनाओं- विजयक और बीकन के जरिए प्राप्त की है। ये परियोजनाएं लद्दाख की सामाजिक-आर्थिक कल्याण के अलावा रणनीतिक प्रभाव के

क्षेत्र को बनाए रखने के लिए सामूहिक रूप से जिम्मेदार हैं। पिछले साल इस अवधि को 31 दिसंबर, 2020 तक बढ़ाया गया था। इस साल बीआरओ खामोशी से, लेकिन दृढ़ रूप से बर्फ को हटाकर अलग करने की प्रक्रिया को पुनर्गठित करके और उन्हें अत्याधुनिक बर्फ हटाने वाले उपकरण के साथ जोड़कर अपने खुद के रिकॉर्ड को बेहतर बनाने की यात्रा पर निकल पड़ा था। इन योजना और प्रयासों के परिणाम सभी के सामने हैं। बीआरओ ने उस उपलब्धि को प्राप्त किया है, जिसे अब तक कई लोग असंभव मानते थे।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में

कल्पना चावला सेंटर फॉर रिसर्च इन स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी का उद्घाटन

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में कल्पना चावला सेंटर फॉर रिसर्च इन स्पेस साइन्स एंड

- **अंतरिक्ष विज्ञान व उपग्रह विकास में छात्रों को प्रशिक्षण देने और अंतरिक्ष अनुसंधान में भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के उद्देश्य से स्थापित अत्याधुनिक केसीसीआरएसएसटी, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के छात्र उपग्रह (सीयूसैट) के लिए ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन होगा।**
- **यह विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा डिजाइन किया जा रहा एक इन-हाउस विकसित नैनो-उपग्रह है और अन्य परियोजनाओं के अलावा अनुसंधान के लिए एक भू-स्थानिक केंद्र है।**

टेक्नोलॉजी (केसीसीआरएसएसटी) का उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने तीनों सेनाओं के रक्षा कर्मियों के बच्चों के लिए 10 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति योजना की भी शुरुआत की।

अपने संबोधन में श्री राजनाथ सिंह ने इस अनुसंधान केंद्र की स्थापना को देश के अंतरिक्ष क्षेत्र की सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि इन्हीं प्रयासों से ही भविष्य की प्रौद्योगिकियों में भारत अग्रणी बन सकता है। उन्होंने केसीसीआरएसएसटी को 'भारत की गौरव' कल्पना चावला के सदृश्य बताया। रक्षा मंत्री ने उम्मीद व्यक्त की कि यह अनुसंधान सुविधा भारत में जन्म लेने वाली उस दिवंगत अंतरिक्ष यात्री की उल्लेखनीय उपलब्धियों की तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएगी, जिन्होंने अपने मूल देश को पूरे विश्व में पहचान दिलाई।

रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर मौजूद छात्रों से कहा, "21वीं सदी में भारत का भविष्य उस स्थिति में ही सुरक्षित हो सकता है, जब आपकी आंखों में सितारों और ग्रहों तक पहुंचने की एक ज्योति हो। अगर आप अलग-अलग ग्रहों और नक्षत्रों की ओर देखें तो आर्यभट्ट, विक्रम साराभाई, सतीश धवन और कल्पना चावला जैसे और भारतीय आप सभी के बीच में से ही सामने आएंगे।"

श्रीलंका 2022 में हो सकता है दिवालिया

गार्डियन की रिपोर्ट के अनुसार, श्रीलंका गहरे वित्तीय व मानवीय संकट से गुजर रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो वह 2022 में दिवालिया हो सकता है। श्रीलंका को अगले 12 महीनों में 7.3 बिलियन डॉलर का घरेलू और विदेशी कर्ज चुकाना है।

वर्ल्ड बैंक का अनुमान है कि कोविड-19 की शुरुआत के बाद से 5,00,000 श्रीलंकाई गरीबी रेखा से नीचे आ गए हैं। श्रीलंका की राजपक्षे सरकार आर्थिक आपातकालीन स्थिति की घोषणा पिछले साल ही कर चुकी थी। सेना को जरूरी सामान की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई थी। यहां तक कि चीनी और चावल के लिए सरकारी कीमत तय की गई, लेकिन इससे भी लोगों की मुश्किलें खत्म नहीं हुई हैं। वहीं श्रीलंका केंद्रीय बैंक के पूर्व उप-गवर्नर

वा विजेवार्दना ने चेतावनी दी है कि आम लोगों के टकराव से आर्थिक संकट और गहराएगा।

उन्होंने कहा है कि लोगों की जिंदगी और मुश्किल होने वाली है। जब आर्थिक संकट काबू से बाहर हो जाएगा तो स्थिति और बदतर होगी। खाद्य संकट भी बढ़ने की आशंका है, क्योंकि उत्पादन कम हो रहा है और आयात के लिए पैसे नहीं हैं। इस स्थिति में मानवीय संकट से बचना मुश्किल होगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.वी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।